CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 71 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 31 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

# मॉडल विकसित आंगनबाड़ी केंद्र बनाने की दिशा में हम कर रहे काम, हर साल 10 प्रतिशत बढ़ाएंगे वेतन : भजनलाल शर्मा

**मुख्यमंत्री आवास पर भजन लाल शर्मा ने प्रदेश की 1.22 लाख महिला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए रुपए, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, लाडो योजना और कालीबाई भीम योजना के लाभार्थियों को भी चेक वितरित किए, कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी भी रहे मौजूद, मौके पर मौजूद बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को देखकर प्रसन्न हो उठे भजन लाल शर्मा**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर काफी प्रसन्नचित और उत्साही दिखे मुख्यमंत्री शर्मा के खुश रहने की वजह यह थी कि मुख्यमंत्री आवास पर सोमवार की सुबह से ही बड़ी संख्या में प्रदेश भर की महिला कार्यकर्ताओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था इसके लिए मुख्यमंत्री आवास पर बाकायदा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए खूबसूरत और विशाल टेंट स्थापित किया गया, कार्यक्रम को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए मुख्यमंत्री आवास को दुल्हन की तरह सजाया गया था जिसमें बड़ी संख्या में महिला आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और भी खूबसूरत और शानदार बना दिया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर प्रदेश के महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहे इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की 1.22 लाख महिला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के बैंक अकाउंट में दो ड्रेस के लिए 1000 रुपए डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर किया प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के अकाउंट में सरकार की ओर से1000 रुपए भेजे जाने के इस कदम को लेकर कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के चेहरे खिल उठे घ्मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, लाडो योजना और कालीबाई भीम योजना के लाभार्थियों को चेक भी वितरित किए इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अपने आवास पर इतनी बड़ी संख्या में महिला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और महिलासहायक कार्यकर्ताओं को देखकर वे अपने आप को काफी खुश और सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं क्योंकि महिला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता समाज का मर्म जानती हैं और बच्चों को शिक्षा और दिशा प्रदान करती हैं इसलिए भले ही आज महिला आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की मेहनत और कार्य का ज्यादा आकलन नहीं किया जाए लेकिन हकीकत यह है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्तामहिला बहने नोनीहाल और बच्चों की देखरेख और उनके स्वास्थ्य को लेकर जो काम करती हैं उनसे वह एक ऐसी मजबूत युवा तैयार करती हैं जो आने वाले दिनों में समाज, प्रदेश और देश के विकास में बड़ी भूमिका निभाते हैं इसलिए उन्होंने हमेशा ही आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओं की मेहनत को दिल से महसूस किया है और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भलाई और विकास के लिए वे दिल से काम करते हैं।



## आंगनबाड़ी केंद्र को मॉडल विकसित केंद्र बनाने की दिशा में हम कर रहे काम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्र में सभी तरह की आधारभूत सुविधाएं होने के साथ-साथ प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को मॉडल के रूप में विकसित किया जाए ताकि हर कोई इन केंद्र को देखकर चकित रह जाए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इसी दिशा में काम कर रही है इसके लिए आंगनवाड़ी केंद्र के मरमत, पुताई इत्यादि के लिए सरकार ने बजट जारी किया है इसके अलावा पानी चिकित्सा शौचालय इत्यादि सभी आधारभूत सुविधा केंद्र पर सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जिस तरह से प्रत्येक ग्राम पंचायत को विकसित करके गांव को विकसित गांव बनाने की दिशा में काम कर रही है वैसे ही आंगनबाड़ी केदो को मॉडल विकसित केंद्र बनाने की दिशा में कार्य कर रही है उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वह अपने आंगनबाड़ी केंद्र में जो भी कोई असुविधा हो या किसी निर्माण की आवश्यकता हो तो उसके बारे में बाकायदा प्रस्ताव बनाकर संबंधित ग्राम पंचायत को भेजें ग्राम पंचायत निश्चित रूप से आंगनवाड़ी केंद्र की आवश्यकता के अनुसार सरकार को प्रस्ताव भेजेगा और सरकार उस पर काम करेगी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आंगनबाड़ी केंद्र को लेकर हैं काफी गंभीर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंगनबाड़ी केदो के विकास और विस्तार के लिए हमेशा गंभीर रहे हैं मोदी हमेशा यही कोशिश करते हैं कि प्रदेश के ग्राम पंचायत उपकेंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केंद्र आंगनबाड़ी केंद्र इत्यादि सभी स्थानीय स्तर पर ही इस तरह से विकसित किए जाएं ताकि लोगों को गांव छोड़कर शहर में नहीं आना पड़े उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशन और मार्गदर्शन में हमारी सरकार निरंतर प्रदेश के आंगनबाड़ी केदो का समुचित विस्तार और विकास कर रही है इतना ही नहीं आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओं की जितनी भी सारी समस्याएं हैं उन सभी समस्याओं का सरकार धीरे-धीरे समाधान करेगी।

## *हर साल सरकार 10 प्रतिशत महिला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का वेतन बढ़ाएगी*

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में जोर देकर कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सभी समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर है सरकार एक साथ तो नहीं लेकिन सभी समस्याओं को धीरे-धीरे दूर करेगी और हर साल सरकार आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ता के वेतन में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी भी करेगी इसके लिए आगामी अप्रैल माह से ही आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ता के वेतन में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी सुनिश्चित है उन्होंने कहा कि मैं यह अच्छी तरह से जानता हूं और महसूस करता हूं कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को कितनी मेहनत और संघर्ष से निभाती है महिलाएं अपने नोनीहाल को आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ता को सुपुर्द करते हुए बिल्कुल भी चिंतित नहीं रहती क्योंकि उन्हें यह पता है कि जब वह शाम को कम से लौटेगी तो उनके नोनीहाल हंसते हुए उन्हें मिलेंगे इसलिए नोनीहालों बच्चों को शिक्षा और दिशा देने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की मेहनत तपस्या और लगन को कम नहीं आता जा सकता घ बच्चों को शिक्षा और दिशा देने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की मेहनत तपस्या और लगन को कम नहीं आता जा सकता।*

## दिया कुमारी ने भजनलाल शर्मा के व्यवहार और कार्यशैली की प्रशंसा की और कहा- मुख्यमंत्री महिला कल्याण को लेकर पूरी तरह से समर्पित


जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और महिला एवं बाल कल्याण विकास मंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से जुड़े आयोजित कार्यक्रम में एक बार फिर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के व्यवहार और कार्यशैली की खूब प्रशंसा की और कहा कि पिछले सवा दो साल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हमेशा अपने व्यस्त समय में समय निकालकर महिला कार्यक्रमों में अपनी उपस्थित दिखाई उन्होंने कहा कि पिछले सवा दो साल में प्रदेश भर में जितने भी सरकार की ओर से महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए उनमें मुख्यमंत्री ने खुद आगे बढ़कर कहा कि वे इन कार्यक्रमों में जरूर आएंगे और महिला बहनों से बातचीत करेंगे उनकी समस्याओं को सुनेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान भी करेंगे, दिया कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री का इस तरह से व्यस्त समय में समय निकाल कर महिलाओं से जुड़े कार्यक्रमों में आना यह दिखाता है कि वे महिला विकास और कल्याण के लिए कितने गंभीर और समर्पित हैं कार्यक्रम में दिया कुमारी ने पिछले सवा दो साल में भजनलाल सरकार ने महिला एवं बाल विकास के लिए कई बड़े कदम उठाए जिसमें सबसे बड़ा कदम तो यह है कि पिछले 50 साल से प्रदेश में कई जगहों पर आंगनबाड़ी केंद्र काफी जर्जर अवस्था में थे उनकी मरमत रंग रोगन और पुताई के लिए हमारी सरकार ने युद्ध स्तर पर काम शुरू किया जहां पर नए आंगनबाड़ी केंद्र बनने चाहिए वहां नए आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जा रहे हैं इसके अलावा कई आंगनबाड़ी केदो में बिजली के कनेक्शन भी दिए गए हैं शौचालय पीने का पानी साफ सफाई इत्यादि सभी आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार तेजी से कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को मॉडल के रूप में विकसित करने के प्रयास में पूरी मेहनत से कार्य कर रही है क्योंकि आंगनबाड़ी केंद्र में नोनीहालों को नई दिशा और शिक्षा मिलती है बच्चों को अगर बचपन में ही सही दिशा और शिक्षा मिल जाए तो बचपन में ही उसकी पर्सनालिटी में निखार आ जाता है जो आगे चलकर उसे एक श्रेष्ठ नागरिक के रूप में बनता है इसलिए हमारी सरकार का पूरा प्रयास है कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र का माहौल इतना स्वच्छ और अच्छा हो कि वहां पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किसी भी तरह की असुविधा और कमी का सामना न करना पड़े ताकि वह नोनियलों को बहुत ही बेहतर तरीके से रख सके उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला कल्याण को लेकर हमेशा गंभीर रहे हैं केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं में हमेशा महिलाओं का कल्याण जुड़ा रहता है महिलाओं के हित और सुरक्षा को देखकर ही मोदी सरकार ज्यादा योजनाएं तैयार करती है लेकिन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए सामूहिक प्रयास भी जरूरी है इसमें हम सबको भी ईमानदारी से भागीदारी निभानी होगी उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ता ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य को निभा रही हैं इसका उन्हें अच्छी तरह से आभास है इसीलिए हमारी सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तभी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार काम कर रही है।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर आज सुबह 10:00 बजे माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं के सभी संकाय का रिजल्ट जारी करेंगे

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर आज सुबह 10:00 बजे राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं के वाणिज्य कला और विज्ञान संकाय का रिजल्ट जारी करेंगे इसके लिए बोर्ड प्रशासन की ओर से सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है शिक्षा मंत्री की ओर से रिजल्ट जारी करने के बाद प्रदेश भर के स्टूडेंट माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर अपना रिजल्ट देख सकेंगे जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं की परीक्षाएं 11 मार्च को संपूर्ण हुई थी इस बार शिक्षा मंत्री मदन दिलावर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित की जाने वाली सभी कक्षाओं के परीक्षा परिणाम निर्धारित समय में ही घोषित करने के लिए पूरी तरह से संकल्पित नजर आ रहे थे दिलावर ने यह पहले ही कह दिया था कि बोर्ड की ओर से सभी कक्षाओं की परीक्षाएं निर्धारित समय पर आयोजित होगी और इन सभी परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम भी निर्धारित अवधि में ही हर हाल में घोषित किया जाएगा ताकि नए शैक्षिक सत्र निर्धारित समय पर शुरू हो सके इसीलिए पिछले दिनों माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से पांचवी आठवीं और दसवीं कक्षा का रिजल्ट निर्धारित अवधि में ही घोषित किए गए दिलावर ने यह पहले ही कह दिया था कि 12वीं बोर्ड के एग्जाम भी 31 मार्च से पहले घोषित कर दिए जाएंगे इसलिए आज 31 मार्च को 12वीं बोर्ड का रिजल्ट भी जारी किया जा रहा है करीब 9 लाख 9000 स्टूडेंट इन परीक्षा परिणाम का विचार कर रहे हैं 12वीं बोर्ड की परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 6170 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की इन सभी परीक्षाओं का सफलतापूर्वक संपादन हुआ था अब जिस तरह से बोर्ड की ओर से आयोजित सभी कक्षाओं के परीक्षा परिणाम इस बार समय पर घोषित किया जा रहे हैं उससे यह तो कहना ही पड़ेगा की शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जो कहते हैं वह करके भी दिखाते हैं इसमें कोई संदेह नहीं प्रदेश में स्कूली शिक्षा के ढांचे को मजबूती प्रदान करने में दिलावर ने पिछले सवा दो साल में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है एक तरफ जहां सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की वेशभूषा और उनके समय पर स्कूल में आने और समय पर स्कूल छोड़ने जैसे विषयों पर दिलावर ने कड़े निर्णय लिए तो दूसरी तरफ छात्रों की ड्रेस और स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं को भी सुनिश्चित करने में दिलावर ने कड़े फैसले लिए हालांकि उनके कड़े फैसलों पर बहुत से लोगों को आपत्ति भी होती है लेकिन दिलावर संघ से जुड़े हुए नेता हैं इसलिए नैतिक आचरण अनुशासन राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र प्रेम जैसे विषयों को लेकर दिलावर हमेशा काफी समर्पित रहे हैं और अपने विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को भी अच्छे नैतिक आचरण और अनुशासन में रहने की सीख देते रहते हैं इसी क्रम में दिलावर ने पिछले सवा दो साल में प्रदेश भर में कई जगहों पर जाकर स्कूलों का निरीक्षण किया उन्होंने अपनी आंखों से स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों की गतिविधियों को देखा कई जगहों पर उन्होंने व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी भी जताई तो कई जगहों पर उन्होंने शिक्षकों को फटकार भी लगाते हुए नजर आए कुल मिलाकर शिक्षा मंत्री के तौर पर दिलावर ने खुद को साबित करके दिखाया है।




CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
31 मार्च, 2026

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

### 20 सूत्री कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आमजन को त्वरित राहत प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभागवार समीक्षा के दौरान 30 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही टाइम एक्सीलरेशन के माध्यम से परिवादों के उच्च स्तर पर जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को पुनः खोले गए (रीओपन) संपर्क प्रकरणों के प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए, ताकि निस्तारण की वास्तविक स्थिति का सही आकलन किया जा सके। बैठक में 20 सूत्री कार्यक्रमों की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान वर्ष 2026-27 के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने 'पंच गौरव' वर्ष 2026-27 हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित विभाग अपनी योजनाओं को व्यावहारिक एवं जनहितकारी बनाएं, जिससे अधिक से अधिक आमजन को लाभान्वित किया जा सके और उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो। बैठक में डिप्टी एसपी भिवाड़ी शीशराम, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ओमप्रकाश किराड़, अधिशासी अभियंता आदेश यादव, सहायक अभियंता बिजली विभाग दिनेश भड़ाना, कृषि अधिकारी गोपाल लाल मीणा, सहायक निदेशक वेद प्रकाश सैनी, एसीएफ वन विभाग संजय चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## धौलागढ़ देवी माता का वार्षिक मेला 7 से

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिले में कठूमर क्षेत्र के धौलागढ़ स्थित प्राचीन धौलागढ़ देवी मंदिर में वार्षिक मेला 7 अप्रैल से भरेगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मेले की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंदिर में माता ब्रह्मचारिणी स्वरूप में विराजमान हैं और यह मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। मंदिर के पुजारी राजेश शर्मा ने बताया कि मंदिर प्रांगण में 7 अप्रैल से वार्षिक मेला भरेगा, जो लगभग 15 दिनों तक चलेगा। इस मेले में राजस्थान के साथ-साथ 5 से 6 राज्यों से श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। हर साल यहां लगभग 5 से 7 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान रहता है। यह मेला वैशाख माह में भरता है और मंदिर का इतिहास रामायण काल से जुड़ा हुआ बताया जाता है। उन्होंने बताया कि मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को 163 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। मेले को लेकर प्रशासन ने भी सभी तैयारियां शुरू कर दी हैं और मेले से पहले अधिकारियों द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में सोमवार को माया प्रसादी वैष्णो धाम पंचमुखी बालाजी दिव्य धाम मंदिर से श्रीराम भगत जी अपने साथ अन्य सेवकों के साथ धौलागढ़ पहुंचे और माता के दर्शन किए। इस दौरान मंदिर के महंत ने श्रीराम भगत जी एवं उनके साथ आए सेवकों का माता की चुनरी और माला पहनाकर सम्मान किया। मेले को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है और प्रशासन भी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है।

## टीबी स्क्रीनिंग में, राज्य भर में चौथे नंबर पर, राज्य स्तर से किया सम्मानित



**कोटपूतली-बहरोड(निसं.)।।** टीबी स्क्रीनिंग के अंतर्गत जिला कोटपूतली बहरोड़ राज्य में चौथे नंबर पर रहा। रविकांत जांगिड़ जिला नोडल अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तर पर सभी जिलों की टीबी स्क्रीनिंग की रैंकिंग जारी की गई जिसमें राज्य में 5 टॉपर जिलों को सम्मानित किया गया जिसमें जिला कोटपूतली बहरोड़ चौथे नंबर पर रहा है। डॉ आशीष सिंह शेखावत, सीएमएचओ ने पूरी टीम को बधाई दी आगे भी इसी तरह टीम रूप में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। डॉ जयभगवान यादव जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा समस्त सुपरवाइजर स्टाफ सुरेश प्रमोद रामरतन अश्विनी भवानी रामरतन एवं श्रीराम टीबी सुपरवाइजर को इस कार्य के लिए बधाई दी गई।

## मण्डावा में श्री श्याम कीर्तन आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** हारे का सहारा श्याम हमारा की ओर से एकादशी के उपलक्ष में कस्बे के वार्ड 6 में बाबा श्याम का भव्य दरबार और ताली कीर्तन के साथ बाबा श्याम का गुणगान किया गया। मुख्य यजमान राकेश सोनी पुत्र विश्वनाथ सोनी वार्ड नंबर 6 बिजली पावर हाउस के पीछे लगाया गया जिसमें पंडित चौथमल शर्मा की ओर से बाबा श्याम की आरती के पश्चात बाबा श्याम का जयकार लगाया गया जो रात्रि 11:30 बजे तक हुआ। जिसमें श्याम भक्त काफी संख्या में पधारे हुए पंकज पशुपति शर्मा, जुगल किशोर सोनी, ऋषि शर्मा, खेमराज, पुरुषोत्तम चेजारा, भजन गायक रजनीश चंदेलिया , शंकर लाल जांगिड़, राजेश जांगिड़, और काफी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।

## कृष्णा बस स्टैंड की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग, नगरपरिषद आयुक्त को दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के कृष्णा बस स्टैंड के व्यापार मंडल ने नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन देकर बस स्टैंड की अव्यवस्थाओं से अवगत करवाया गया। ज्ञापन में बताया कि कच्चा बस स्टैंड आमजन की रोज़मर्रा की जरूरतों का महत्वपूर्ण केंद्र हैं। लेकिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके विकास और सुव्यवस्था की बेहद आवश्यकता है। बस स्टैंड बनने के बाद आज तक बड़े नालों कि सफाई नहीं हुई है और काफी महिनों से खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट चालू नहीं की गई है। जिसके चलते कई बार दुकानों में चोरी भी हो चुकी है। इसके चलते नगर परिषद को कई बार अवगत भी करवा चुके हैं। लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ है। आरएलपी नेता रुपचन्द सहारण ने बताया कि बस स्टैंड पर बेसहारा पशुओं का जमावड़ा बना रहता है। जिससे आए दिन यात्री परेशानी के साथ-साथ आवारा पशुओं से एक्सीडेंट का भी खतरा बना रहता है। बस स्टैंड पर महिलाओं के लिए सुलभ शौचालय की व्यवस्था भी सही नहीं है। अगर समय रहते समाधान नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में कच्चा बस स्टैंड व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष कुड़ी, आरएलपी नगर अध्यक्ष धीरेन्द्र सैनी, रुपचन्द सारण राजास, दीपाराम कुल्हड़ीयां, सुल्तान, रमेश कुमार, मुबारक खान, नरेंद्र जांगिड़ सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एलपीजी गैस के अवैध संग्रहण करने पर 15 सिलेण्डर जब्त

### घरेलू गैस सिलेण्डर की पर्याप्त उपलब्धता, बिना आवश्यकता के नहीं कराएं सिलेण्डर की बुकिंग

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशानुसार एलपीजी गैस के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं व्यावसायिक कार्य में रोकथाम हेतु प्रवर्तन जांच दल द्वारा ग्राम देसूला खोड में कार्रवाई कर अवैध रूप से संग्रहित किए गए 15 सिलेंडरों को जब्त किया गया।

जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि जांच दल द्वारा ग्राम देसूला खोड में इसराइल खान के परिसर में उनकी मौजूदगी में जांच की गई, जिसमें 14 घरेलू एवं 1 व्यावसायिक सिलेण्डर पाए गए तथा भण्डारण से संबंधित कोई वैध दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं किए गए। इस पर सभी 15 सिलेण्डरों को जब्त कर सुरक्षार्थ मैसर्स सुमन एचपी गैस अलवर को सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू गैस के अवैध भण्डारण, परिवहन व व्यापार की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले के उपखण्ड अधिकारियों की अध्यक्षता में विशेष प्रवर्तन जांच दलों का गठन किया गया है, जिनके द्वारा प्रभावी पर्यवेक्षण की कार्यवाही की जा रही है। घरेलू गैस के अवैध व्यापार को रोकने हेतु जिला कलक्टर द्वारा गैस की डिलीवरी के लिए शत-प्रतिशत ओटीपी को अनिवार्य करने के लिए गैस एजेंसीज को पाबंद कर दिया गया है, ताकि घरेलू गैस की आपूर्ति वास्तविक उपभोक्ताओं तक हो सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गैस सिलेण्डर्स की पर्याप्त उपलब्धता है। अतः आमजन से अनुरोध है कि बिना आवश्यकता के सिलेण्डर की बुकिंग नहीं कराएं, ताकि सभी उपभोक्ताओं को यथासमय गैस उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में शहरी क्षेत्र में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन में बुकिंग हो रही है। इस दौरान प्रवर्तन अधिकारी बनवारी लाल, कृष्ण कुमार बॉयला एवं अमित कुमार यादव मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

### संबंधित विभाग समन्वित प्रयासों से सडक दुर्घटनों की प्रभावी रोकथाम हेतु उठावे आवश्यक कदम - जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से जिले की सड़कों को और अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वर्षवार सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा कर निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए संबंधित विभाग समन्वित प्रयास कर आवश्यक सुरक्षात्मक कदम उठावें। उन्होंने राज्य राजमार्गों पर दुर्घटना सेंसिटिव बिंदुओं का चिन्हीकरण कर ब्रेकर व साइनेज इत्यादि कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटना संभावित बिंदुओं पर एएनपीआर कैमरे स्थापित करावें तथा दुर्घटनाओं को रोकथाम के लिए प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जावें। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि पीएम राहत योजना में सरकारी एवं निजी अस्पतालों के माध्यम से दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को 1.50 लाख रुपए के कैशलेस उपचार उपलब्ध कराए तथा जिले में योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी कराया जावे। जिला कलक्टर ने यूआईटी द्वारा शहर में बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन एवं पार्किंग व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु करवाए गए व्यापक सर्वे की रिपोर्ट का यूआईटी सचिव से फीडबैक लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शहर के मुख्य चौराहा यथा बिजली घर चौराहा, भगत सिंह सर्किल, अशोक सर्किल, होप सर्कस एवं जेल चौराहे पर फेजवार सुझावों के अनुसार आवश्यक कदम यथा लेन मार्किंग, स्लिप लाइन का प्रयोग एवं एनफोर्समेंट की कार्रवाई करावें। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में पार्किंग की आवश्यकता के दृष्टिगत सर्वे रिपोर्ट के आधार पर जगह का निर्धारण किया जावे। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये कि बाल वाहिनियों की प्रभावी चेकिंग कर प्रवर्तन कार्रवाई करने एवं ई-रिक्शा में सवाारियों को बैठानें व उतारने के लिए एक साइड का ही प्रयोग हो, इसके लिए कार्ययोजना तैयार करें। बैठक में एडीएम प्रथम बीना महावर, यूआईटी सचिव धाईगुडे स्नेहल नाना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका रघुवंशी, पीडब्लूडी के अधीक्षण अभियंता भूरीसिंह, आरटीओ रविंद्र जोशी, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, रिडकोर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज मुदगिल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला कलक्टर ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

### संबंधित विभाग समन्वित प्रयासों से सडक दुर्घटनों की प्रभावी रोकथाम हेतु उठावे आवश्यक कदम - जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से जिले की सड़कों को और अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वर्षवार सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा कर निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए संबंधित विभाग समन्वित प्रयास कर आवश्यक सुरक्षात्मक कदम उठावें। उन्होंने राज्य राजमार्गों पर दुर्घटना सेंसिटिव बिंदुओं का चिन्हीकरण कर ब्रेकर व साइनेज इत्यादि कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटना संभावित बिंदुओं पर एएनपीआर कैमरे स्थापित करावें तथा दुर्घटनाओं को रोकथाम के लिए प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जावें। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि पीएम राहत योजना में सरकारी एवं निजी अस्पतालों के माध्यम से दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को 1.50 लाख रुपए के कैशलेस उपचार उपलब्ध कराए तथा जिले में योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी कराया जावे। जिला कलक्टर ने यूआईटी द्वारा शहर में बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन एवं पार्किंग व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु करवाए गए व्यापक सर्वे की रिपोर्ट का यूआईटी सचिव से फीडबैक लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शहर के मुख्य चौराहा यथा बिजली घर चौराहा, भगत सिंह सर्किल, अशोक सर्किल, होप सर्कस एवं जेल चौराहे पर फेजवार सुझावों के अनुसार आवश्यक कदम यथा लेन मार्किंग, स्लिप लाइन का प्रयोग एवं एनफोर्समेंट की कार्रवाई करावें। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में पार्किंग की आवश्यकता के दृष्टिगत सर्वे रिपोर्ट के आधार पर जगह का निर्धारण किया जावे। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये कि बाल वाहिनियों की प्रभावी चेकिंग कर प्रवर्तन कार्रवाई करने एवं ई-रिक्शा में सवाारियों को बैठानें व उतारने के लिए एक साइड का ही प्रयोग हो, इसके लिए कार्ययोजना तैयार करें। बैठक में एडीएम प्रथम बीना महावर, यूआईटी सचिव धाईगुडे स्नेहल नाना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका रघुवंशी, पीडब्लूडी के अधीक्षण अभियंता भूरीसिंह, आरटीओ रविंद्र जोशी, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, रिडकोर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज मुदगिल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## रांकावत के नेत्रदान से दो लोगों की दुनिया में आएगी रौशनी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के काका कोलोनी निवासी महावीर प्रसाद रांकावत पुत्र लूणकरण रांकावत का निधन सोमवार को 65 वर्ष की आयु में होने पर उनके पुत्र देवीदत रांकावत, पुत्रवधू सुलेखा, पुत्रियां रजनी, रेखा, विनोद व सन्तोष स्वामी, भाई गोपाल स्वामी, भतीजा राहुल स्वामी ने नेत्रदान का निर्णय लिया। परिवार की सहमति पर तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत व सहयोगी दिनेश शर्मा ने नेत्र संग्रह किया। नेत्रदान के लिए सामाजिक कार्यकर्ता फुसाराम स्वामी ने प्रेरक की भूमिका निभाई। केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने बताया कि इस केन्द्र का यह 40 वां नेत्रदान है। उन्होंने बताया कि महावीर प्रसाद रांकावत परिवार ने इस दुःख की घड़ी में भी मानवीय सेवा एवं परोपकार का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। जिसकी उपस्थित जनों ने प्रशंसा की। रांकावत के नेत्रदान किये जाने पर उनके परिजनों का राजस्थान राज्य थली प्रभारी लोकेश सेठिया ने आभार व्यक्त किया है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई:

## 510 किलो घी जब्त, दूध-क्रीम व सेंधा नमक के नमूने लिए

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर डॉ. टी. शुभ मंगला तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर डॉ. योगेंद्र शर्मा के निर्देशानुसार सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर में विभिन्न खाद्य इकाइयों पर निरीक्षण कर नमूने लिए। कार्रवाई के दौरान टीम ने कबीर मिल्क प्रोडक्ट्स, मुन्ना का रोड अलवर से एक दूध तथा एक क्रीम का नमूना जांच के लिए लिया। इसके अलावा गव्यधारा ऑर्गेनिक फार्म, शिव कॉलोनी बकताल की चौकी अलवर स्थित खाद्य पदार्थ निर्माण एवं पैकिंग इकाई से दो घी तथा एक सेंधा नमक का नमूना जांच के लिए लिया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त इकाई पर गुजरात से गाय का घी मंगाकर उसे महंगे दामों पर लगभग 2500 रुपये प्रति लीटर की एमआरपी के साथ ऑनलाइन बिक्री के लिए पैक किया जा रहा था। मौके पर रखे टिन के लगभग 30 सीलबंद पीपों में करीब 450 किलो घी तथा एक ड्रम में रखे करीब 50 किलो घी में से नमूने लिए गए। मिलावट की आशंका के चलते कुल 510 किलो घी को जब्त किया गया। साथ ही इकाई पर पैक किए जा रहे सेंधा नमक में रंग की मिलावट की आशंका के चलते एक नमूना जांच के लिए लिया गया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र के विभिन्न खाद्य कारोबारकर्ताओं को साफ-सफाई के साथ कार्य करने, खाद्य लाइसेंस को दुकान पर प्रदर्शित करने तथा खाद्य सामग्री को ढककर बिक्री करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्हें एफएसएसएआई अधिनियम 2006 के नियमों की भी जानकारी दी गई। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी केशव गोयल, जय सिंह यादव, विश्वबंधु गुप्ता एवं अशोक लखेरा मौजूद रहे।

## आईजी कैलाश चंद्र विश्नोई का कंचनपुर थाने व सैंपऊ कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण, व्यवस्थाएं परखी और दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज कैलाश चंद्र विश्नोई ने सोमवार को पुलिस थाना कंचनपुर एवं वृताधिकारी वृत्त ग्रामीण धौलपुर (सैंपऊ) कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान आईजी विश्नोई ने थाना परिसर की साफ-सफाई, रिकॉर्ड रखरखाव, मालखाना, हवालात, मैस सहित अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना कंचनपुर पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने पुलिस स्टाफ से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। आईजी ने क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम पर विशेष जोर देते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीट प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहकर गतिविधियों पर नजर रखें तथा 'अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास' की नीति पर कार्य करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि थाने में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए और समयबद्ध तरीके से उनका समाधान किया जाए। निरीक्षण के दौरान सीसीटीएनएस पोर्टल पर लंबित मामलों एवं शिकायतों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर पोर्टल पर अद्यतन जानकारी अपलोड की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इससे पूर्व आईजी ने पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। थाना कंचनपुर के थानाधिकारी रामकिशन यादव ने थाने की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। इसके पश्चात आईजी विश्नोई ने वृताधिकारी वृत्त ग्रामीण धौलपुर (सैंपऊ) कार्यालय का निरीक्षण किया। यहां पहुंचने पर भी पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उन्होंने रिकॉर्ड रूम, कंप्यूटर कक्ष सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन कर परिवादों की स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर आईजी विश्नोई ने कहा कि वार्षिक निरीक्षण का उद्देश्य पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी एवं जनहितैषी बनाना है। उन्होंने पारदर्शिता, समयबद्ध कार्रवाई और जनसुनवाई को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान वृताधिकारी अनूप सिंह, थानाधिकारी रामकिशन यादव सहित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरोज प्रजापत के निधन पर प्रदेश भाजपा में शोक की लहर, मदन राठौड़ और कई अन्य नेताओं ने शोक प्रकट किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा की पूर्व प्रदेश मंत्री एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य सरोज प्रजापत के आकस्मिक निधन का समाचार अत्यंत दु:खद एवं पीड़ादायक है। उनके निधन से संगठन को अपूरणीय क्षति हुई है। राठौड़ ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सरोज प्रजापत एक समर्पित, कर्मठ एवं निष्ठावान कार्यकर्ता थीं, जिन्होंने पार्टी संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका निधन पार्टी परिवार के लिए एक बड़ी क्षति है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा परिवार इस दु:ख की घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिजनों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, सुरेंद्रपाल सिंह टीटी, नाहर सिंह जोधा, डॉ ज्योति? मिर्धा, सरिता गैना, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, भूपेंद्र सैनी, कैलाश मेघवाल एवं मिथिलेश गौतम, प्रदेश कार्यालय मंत्री मुकेश पारीक, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ सहित समस्त भाजपा पदाधिकारियों ने भी गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## बांद्रा टर्मिनस-भिवानी- बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में विस्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु बांद्रा टर्मिनस-भिवानी- बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में 18 ट्रिप का विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09005/09006, बान्द्रा टर्मिनस-भिवानी- बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में बान्द्रा टर्मिनस से दिनांक 1.4.26 से 29.7.26 तक (18 ट्रिप) एवं भिवानी से दिनांक 2.4.26 से 30.7.26 तक (18 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। साथ ही गाडी संख्या 09005, बान्द्रा टर्मिनस-भिवानी साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का मार्ग के वडोदरा, रतलाम,मंदसौर, नीमच ,चित्तौडगढ, भीलवाडा, बिजयनगर, नसीराबाद ,अजमेर,किशनगढ,जयपुर,दौसा एवं अलवर स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है।

## अनुशासन और कर्म से ही मजबूत होगा संगठन : कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, राजस्थान सरकार एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने भारतीय जनता पार्टी, जयपुर देहात दक्षिण की ओर से आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 में अपनी उपस्थिति दिखाई यह कार्यक्रम निवारू रोड, लालचंदपुरा स्थित जय सियाराम मैरिज गार्डन में आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के छोटे बड़े सभी नेताओं ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विचारधारा आधारित प्रशिक्षण को सशक्त करना और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका को अधिक प्रभावी बनाना है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि पूरे देश में इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका मकसद संगठन को वैचारिक और कार्यात्मक रूप से मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि शक्ति का अनुशासित होना जरूरी है और उसका सही दिशा में काम करना सबसे महत्वपूर्ण है, तभी वह असरकारी साबित होती है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से कार्यपद्धति, बैठक, कार्यसमिति, कार्यशालाएं, प्रशिक्षण, प्रवास, कार्यालय व्यवस्था सहित संगठन के विभिन्न आधारभूत सिद्धांतों पर विस्तार से संवाद किया। राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि पार्टी में सबसे अहम उसके कार्यकर्ता हैं। ये पार्टी की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं जो जनता और संगठन के बीच संवाद स्थापित करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का अहम आधार हैं, जिनके पास जिम्मेदारियां, काम और पहचान हमेशा रहती है। पहचान की तलाश हर व्यक्ति को होती है और कार्यकर्ता अपनी पहचान विचारधारा के साथ काम करके बनाते हैं। उन्होंने कहा कि आज मैं कार्यकर्ताओं के बीच एक साथी और भाई के रूप में आया हूं। उन्होंने कहा कि वे कर्म में विश्वास रखते हैं। कर्म ही हमारा धर्म है, राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। कर्म और धर्म का पालन ही हमें मजबूत बनाता है और कार्यकर्ता व पार्टी ही सबसे महत्वपूर्ण हैं।

## पुत्रों के लिए भाजपा नेताओं की तड़प और मुख्यमंत्री के दोहरे मापदंड का केंद्र बना राज्य क्रिकेट संघ : जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी में किए गए बदलावों पर मुख्यमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सार्वजनिक मंचों से बेटों की लॉन्चिंग और परिवारवाद पर नैतिकता का बड़ा ज्ञान देते हैं लेकिन उनकी ही सरकार ने भाजपा के दिग्गज नेताओं के बेटों की पूरी कतार को उपकृत कर दिया प्रदेश की जनता ने भाजपा नेताओं की अपने पुत्रों को स्थापित करने की छटपटाहट और तड़प को प्रत्यक्ष देख लिया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन, जो प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को निखारने का मंच होना चाहिए था, उसे अब भाजपा के रसूखदार नेताओं के बेटों के लिए एक सुरक्षित लॉन्च पैड में तब्दील कर दिया गया है। एडहॉक कमेटी के कन्वीनर पद पर भाजपा विधायक जसवंत यादव के बेटे मोहित यादव की नियुक्ति इस बात की तस्दीक करती है कि सरकार के लिए मेरिट नहीं, बल्कि राजनैतिक रसूख सर्वोपरि है। जूली ने स्पष्ट किया कि खेल संस्थाओं में इस तरह का हस्तक्षेप राजस्थान के गौरवशाली खेल इतिहास के साथ एक भद्दा मजाक है। कमेटी के पुनर्गठन पर सवाल उठाते हुए जूली ने कहा कि पूर्व मंत्री चंद्रराज सिंघवी के पोते अरिष्ट सिंघवी और विधायक संजीव बेनीवाल के बेटे अर्जुन बेनीवाल को सदस्य बनाकर सरकार ने यह संदेश दिया है कि आम कार्यकर्ता के लिए भाजपा के दरवाजे बंद हैं और केवल बड़े नेताओं के वंशजों के लिए ही पद आरक्षित हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह खींवसर और सांसद घनश्याम तिवाड़ी के बेटे आशीष तिवाड़ी को पुन: जगह देना यह साबित करता है कि भाजपा में परिवारवाद का संक्रमण जड़ों तक फैल चुका है। यह नियुक्तियां खेल भावना की हत्या हैं और प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों के साथ सरासर अन्याय है।

# जोधपुर और उदयपुर जिला न्यायालय में बम होने की सूचना से हड़कंप मचा, पुलिस ने न्यायालय परिसर खाली करवाया

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में सोमवार को एक बार फिर से अज्ञात लोगों ने बम होने की सूचना देकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ा दी अज्ञात लोगों ने सोमवार को जोधपुर ग्रामीण और उदयपुर जिला अदालत परिसर में बम होने की सूचना भेजी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और इन दोनों ही जगह पर संबंधित न्यायालय परिसर को पूरी तरह से खाली करवाया तथा मौके पर दोनों ही जगह पर डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते भी बुलाए गए तथा दोनों ही जगह पर काफी देर तक सर्च अभियान को अंजाम दिया गया तथा दोनों ही जगह के आसपास के इलाके में भी पुलिस ने जांच पड़ताल और तलाशी अभियान को अंजाम दिया लेकिन दोनों ही जगह पर पुलिस को कहीं भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली इसके बाद पुलिस ने दोनों ही न्यायालय परिसर को पूरी तरह से सुरक्षित करार दिया तब जाकर वकीलों तथा पक्षकारों को राहत मिली जानकारी के अनुसार जोधपुर ग्रामीण जिला अदालत में ईमेल के माध्यम से पांच बम होने की सूचना दी गई किसी तरह से उदयपुर जिला अदालत में भी ईमेल के माध्यम से बम होने की सूचनादी गई राजस्थान पुलिस ने अब इन दोनों ही मामलों में जिस ईमेल से बंद होने की सूचना दी गई थी इसकी गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है लेकिन अब से पहले भी पिछले कुछ महीनो से अनेकों बार प्रदेश भर में बम होने की सूचना ईमेल के माध्यम से दी गई लेकिन अभी तक एक भी पुलिस की जांच अंतिम नतीजे तक नहीं पहुंची जिसकी वजह से प्रदेश में अशांति और दहशत का माहौल बनाने के प्रयास में जुटे अज्ञात लोग अपने मंसूबों में लगातार कामयाब भी हो रहे हैं हालांकि पिछले कुछ महीनो से लगातार ईमेल के माध्यम से प्रदेश के अधिकांश जिलों में जिला कलेक्टर दफ्तर तथा जिला अदालत और अन्य सरकारी संस्थानों में बम होने की सूचना एक बार नहीं बल्कि बार-बार ईमेल के माध्यम से दी गई लेकिन पुलिस ने एक भी मामले में इस तरह की सूचना देने वाले व्यक्ति को चिन्हित नहीं किया पुलिस की जांच हर बार अंतिम नतीजे तक नहीं पहुंच पाई है यही वजह है कि इस तरह की सूचना देने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं और वह आए दिन रोजाना इस तरह की सूचना देकर पुलिस और जिला प्रशासन के लिए तो बड़ी चुनौती बने हुए हैं ही इसके अलावा राज कार्य भी बुरी तरह से बाधित हो रहे हैं और आम जन में भी इस तरह की सूचनाओं से अचानक घबराहट छा जाती है जानकारी के अनुसार प्रदेश में पिछले कई दिनों से लगातार बम होने की दी जा रही सूचनाओं की वजह से प्रदेश के लोग भी राजस्थान पुलिस की कार्रवाई पर सवालिया निशान लग रहे हैं लोगों का कहना है कि कम से कम एक जांच में तो पुलिस को सफलता मिलनी ही चाहिए लेकिन सैकड़ो बार अब तक पूरे प्रदेश में इस तरह की बम होने की सूचना दी गई जिसमें राजस्थान हाई कोर्ट की जयपुर खंडपीठ और जोधपुर खंडपीठ में भी एक बार नहीं बल्कि कई बार बम होने की सूचना दी गई लेकिन जिस ईमेल के माध्यम से इस तरह की सूचना दी जा रही है उस ईमेल ईद का संचालन करने वाले लोगों के बारे में पुलिस पता नहीं लगा पाई इसलिए प्रदेश के लोगों का कहना है कि कहीं ना कहीं राजस्थान पुलिस के अधिकारी साइबर क्राइम के मामलों के निस्तारण में तकनीकी रूप से ज्यादा सक्षम नहीं हो पाए हैं इसी वजह से ईमेल का संचालन करने वाले लोगों को पुलिस चिन्हित नहीं कर पा रही है लेकिन इस तरह के मामलों की जांच पड़ता है के लिए पुलिस को कुछ ना कुछ नए सिरे से सोचा होगा और तैयारी करनी होगी जरूर हो तो इस तरह के मामलों के निस्तारण के लिए देश या देश से बाहर भी तकनीकी रूप से सक्षम लोगों को बुलाकर इस तरह के मामलों की जांच में सहयोग लेना ही होगा अन्यथा जब तक बम होने की फर्जी सूचना देने वाले लोगों को पकड़ नहीं जाएगा तब तक यह लोग इसी तरह से सूचना देकर आमजन में दहशत का माहौल बनाने का प्रयास करते रहेंगे तथा पुलिस और प्रशासन का कार्य बढ़ते रहेंगे ।

## जयपुर ग्रामीण पुलिस ने चोरी किए गए 24 लाख के 94 मोबाइल फोन बरामद कर पीड़ित लोगों को दिए

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए चोरी किए गए करीब 24 लाख रुपए कीमत के 94 मोबाइल फोन बरामद करके पीड़ित लोगों को दिए दे जानकारी के अनुसार पोर्टल पर चोरी किए गए मोबाइलों की शिकायत के आधार पर इन मामलों की जांच के लिए पुलिस ने विशेष टीमों का गठन किया था जिसमें पुलिस ने इस मामले में चोरी करने वाले बदमाशों की गिरफ्तारी भी की और उनसे चुराए गए मोबाइल फोन भी बरामद किए गए 94 मोबाइल फोन अलग-अलग इलाकों से बरामद किए गए हैं जिनकी कीमत करीब 24 लाख रुपए बताई गई है और चोरी के इन सभी मामलों का अनुसंधान फिलहाल जारी है लेकिन जिन लोगों के फोन चोरी हुए हैं उन्हें उनके फोन लौटने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है उल्लेखनीय है कि जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पद पर हनुमान प्रसाद मीणा अभी हाल ही में नियुक्त किए हैं इससे पहले राशि डोगरा जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पद पर नियुक्त की राशि डोगरा ने भी जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पद पर रहते भी काफी उल्लेखनीय काम किए थे डोगरा ने कई आपराधिक मामलों का खुलासा भी दिया तथा जयपुर ग्रामीण इलाके में बदमाशों की धर पकड़ के लिए भी उन्होंने व्यापक अभियान शुरू किया हुआ था जिसकी वजह से बड़ी संख्या में वांछित अपराधियों को भी पकड़ा गया लेकिन कुछ दिनों पहले राशि डोगरा का यहां से ट्रांसफर हो गया इसके बाद जयपुर पश्चिम डीसीपी पद पर नियुक्त हनुमान प्रसाद मीणा को जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पद पर नई जिम्मेदारी दी गई है मीणा भी भारतीय पुलिस सेवा के काफी कर्मठ और ईमानदार अधिकारी माने जाते हैं और जयपुर डीसीपी पश्चिम पद पर रहते हुएभी मिलने काफी अच्छा काम करके दिखाया था अब जयपुर ग्रामीण में भी राशि डोगरा ने जो श्रेष्ठ कामों की मुहिम छोड़कर गई है उन्हें गति देने में हनुमान प्रसाद मीणा अपनी ओर से कोई कमी बाकी नहीं छोड़ रहे इसी का परिणाम है कि चोरी किए गए 94 मोबाइल फोन बरामद करके पीड़ित लोगों को दिए गए हैं जिसकी वजह से पीड़ित लोगों के चेहरों पर खुशी की किरण छा गई है ।

## राजस्व मंत्री हेमंत मीणा की अचानक तबीयत बिगड़ी, उदयपुर अस्पताल में भर्ती

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के राजस्व मंत्री हेमंत मीना की अचानक तबियत बिगड़ गई जिन्हें उपचार के लिए उदयपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां पर खबर लिखे जाने तक अस्पताल में चिकित्सकों के एक विशेष टीम उनका उपचार कर रही थी मीणा की हालत में काफी सुधार बताया जा रहा है बीपी की शिकायत के चलते उनकी अचानक तबियत बिगड़ी जिसके बाद उन्हें उदयपुर अस्पताल में लाया गया हेमंत मीणा के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में उनके समर्थक अस्पताल के बाहर एकत्रित हो गए क्योंकि हेमंत मीणा के पिता नंदलाल मीणा का निधन पिछले साल 80 साल की अवस्था में हुआ था नंदलाल मीणा उदयपुर संभाग के काफी लोकप्रिय जनजाति समाज के नेता माने जाते थे और उदयपुर संभाग में उनका जोरदार प्रभाव था नंदलाल मीणा पूर्व में वसुंधरा राजे सरकार में मंत्री भी रहे थे और कई बार विधायक रहे और कभी भी उन्होंने चुनाव नहीं हारा लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने बढ़ती आयु की वजह से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था लेकिन उन्होंने कहा था कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत करने में लगातार कार्य करते रहेंगे इसके बाद उनके बेटे हेमंत मीना को नंदलाल मीणा की जगह टिकट दिया गया हेमंत मीना पहली बार ही चुनाव लड़ रहे थे और पहली बार में ही उन्हें जीत मिली जिसके बाद प्रदेश के भजन लाल सरकार में उन्हें राजस्व विभाग की जिम्मेदारी दी गई हेमंत मीना अपने पिता की तरह काफी लोकप्रिय और ईमानदार नेता माने जाते हैं और अपने पिता की तरह ही मिलनसार तथा जमीन से जुड़े नेता माने जाते हैं इसलिए जैसे ही उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को यह पता चला कि हेमंत मीना की तबीयत बिगड़ गई है बड़ी संख्या में लोग अस्पताल के बाहर एकत्रित हो गए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित पार्टी के कई नेताओं ने हेमंत मीणा के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हासिल की है और मीणा के जल्दी से जल्दी स्वस्थ होने की कामना भी की है ।

## राज्य क्रिकेट संघ की तदर्थ कमेटी के नए कन्वीनर मोहित यादव ने कार्यभार संभाला और कहा निर्धारित अवधि में करवाएंगे चुनाव

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राज्य क्रिकेट संघ की तादाद कमेटी के नए कन्वीनर मोहित यादव ने सोमवार को राज्य क्रिकेट संघ के कार्यालय में कार्यभार संभाल लिया और कहा कि उनकी यह पूरी कोशिश रहेगी की राज्य क्रिकेट संघ के चुनाव निर्धारित अवधि में जल्दी से जल्दी संपादित करवाए जाए उन्होंने कहा कि प्रदेश में क्रिकेट और क्रिकेटरों की भलाई और कल्याण के लिए वे पूरी मेहनत और समर्पित भाव से कार्य करेंगे प्रदेश में राज्य क्रिकेट संघ को लेकर राज्य क्रिकेट संघ की छवि को सुधारने में उनकी पूरी कोशिश रहेगी और वह अपनी पूरी टीम के साथ प्रदेश में क्रिकेट और क्रिकेटरों की भलाई के लिए कार्य करेंगे उल्लेखनीय है कि मोहित यादव भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और बहरोड से भाजपा के विधायक जसवंत यादव के पुत्र हैं मोहित यादव के साथ राज्य क्रिकेट संघ की नई तदर्थ कमेटी के अन्य सदस्यों ने भी सोमवार को कार्यभार संभाल लिया है नई तदर्थ कमेटी के सदस्यों में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी के बेटे आशीष तिवारी की शामिल हैं इसके अलावा चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह, भाजपा के विधायक संजीव बेनीवाल के बेटे और चंद्रराज सिंह जी के पोते भी राज्य क्रिकेट संघ की नई तदर्थ कमेटी के सदस्य बनाए गए हैं उल्लेखनीय है कि आईपीएल 2026 का आयोजन शुरू हो चुका है आईपीएल 2026 के दो मैच हो चुके हैं सोमवार को राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मैच होगा जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में भी आईपीएल के चार मैच प्रस्तावित हैं इस बीच राज्य क्रिकेट संघ की नई तदर्थ कमेटी की घोषणा हो गई है हालांकि आईपीएल 2026 के जो मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होंगे उन सभी मैच के आयोजन पर प्रदेश सरकार का नियंत्रण है और प्रदेश सरकार ही आईपीएल मैच आयोजन की जिम्मेवारी अपने हाथ में ली हुई है

## राजस्थान में 753 वेयरहाउस, 984 प्रोसेसिंग केंद्र सहित 1806 परियोजनाएं स्थापित: मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित कृषि अवसंरचना निधि योजना देश सहित राजस्थान में कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान कर रही है। इस योजना के तहत देशभर में 11 मार्च 2026 तक 1,70,241 परियोजनाओं के लिए लगभग 84,502.78 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं, इनमें से 62,219.10 करोड़ रुपए का वितरण भी किया जा चुका है। राठौड़ ने विशेष रूप से राजस्थान का उल्लेख करते हुए कहा कि राजस्थान में कृषि अवसंरचना के विकास के तहत 1,806 परियोजनाएं स्थापित की गई हैं, जिनमें 753 वेयरहाउस (गोदाम), 69 कोल्ड स्टोरेज एवं कोल्ड चेन सुविधाएं तथा 984 प्राथमिक प्रोसेसिंग केंद्र शामिल हैं। यह ढांचा किसानों को उनकी उपज के बेहतर भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन में सहायता प्रदान कर रहा है। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने सदन को यह जानकारी दी। राठौड़ ने बताया कि भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद द्वारा किए गए अध्ययन में यह सामने आया है कि इस योजना के प्रभाव से फसलोत्तर नुकसान में औसतन 5 से 15 प्रतिशत तक कमी आई है। इसके साथ ही बेहतर लॉजिस्टिक्स और अवसंरचना के कारण किसानों की बाजार तक पहुंच में 10 से 25 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। राठौड़ ने बताया कि लगभग 63 प्रतिशत लाभार्थी किसानों को बेहतर भंडारण, ग्रेडिंग और विपणन सुविधाओं के कारण 11 से 25 प्रतिशत तक अधिक मूल्य प्राप्त हो रहा है, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। कृषि अवसंरचना निधि जैसी योजनाएं राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बन रही हैं। राठौड़ ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में इस योजना के माध्यम से राजस्थान के किसानों को और अधिक लाभ मिलेगा तथा राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

## मैंने बेटों को सरकार से दूर रहने की बात कही थी, राजनीति से नहीं: मेरा बेटा मुख्यमंत्री आवास पर नहीं रहता था : अशोक गहलोत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हाल ही के दिनों में अलग-अलग जगह पर दिए गए बयानों पर गहरी नाराजगी और आक्रोश प्रकट किया है गहलोत ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि उन्होंने मंत्री पुत्रों को सरकार से दूर रहने की सलाह दी थी उन्होंने राजनीति से दूर रहने की बात नहीं की लेकिन इसके बावजूद भी मुख्यमंत्री उनके बारे में लगातार अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं और जयपुर जोधपुर और कई अन्य जगहों पर उन्होंने उनके लिए जो बयान दिए वह उचित नहीं है गहलोत ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे को मुख्यमंत्री आवास पर नहीं रखा था बल्कि बेटे को अलग से किराए का मकान दिया हुआ था उनका बेटा किराए के मकान में अपने परिवार के साथ रहता था गहलोत ने कहा कि उन्होंने अगर मंत्री पुत्रों को सरकार से दूर रहने की सलाह दी है तो इसमें या गलत कह दिया ? गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने पद की गरिमा और सामने वाले व्यक्ति की गरिमा का भी ख्याल रखना चाहिए उन्होंने कहा कि लगता है मुख्यमंत्री अपराध बोध से ग्रस्त हो गए हैं और न जाने उनके लिए क्या-क्या बोल रहे हैं गहलोत ने कहा कि मैं परिवार वालों को राजनीति में शामिल नहीं करने की बात नहीं कही थी बल्कि मैंने बेटों को सरकार से दूर रखने की सलाह दी थी गौर तलब है कि पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे अशोक गहलोत लगातार प्रदेश की भजनलाल सरकार पर अपने इंतजार शास्त्र के माध्यम से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछ रहे हैं

## सीनियर आईएएस नेहा गिरी को प्रदेश सरकार ने रिलीव किया, 5 साल के लिए दिल्ली में डेपुटेशन पर नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की राजस्थान कैडर की अधिकारी नेहा गिरी को सोमवार को प्रदेश की भजनलाल सरकार ने रिलीव कर दिया है नेहा गिरी अगले 5 साल के लिए दिल्ली में डेपुटेशन पर नियुक्त रहेगी नेहा गिरी के पति इंद्रजीत पहले से ही दिल्ली में डेपुटेशन पर हैं इंद्रजीत दिल्ली में संस्कृति मंत्रालय में निदेशक पद पर तैनात हैं और नेहा गिरी को दिल्ली में अल्पसंख्यक विभाग के निदेशक पद पर नियुक्ति दी गई है अब दोनों पति-पत्नी दिल्ली में 5 साल के लिए डेपुटेशन पर नियुक्ति दे रहे हैं जानकारी के अनुसार नेहा गिरी के पति इंद्रजीत दिल्ली में पहले से ही डेपुटेशन पर गए हुए थे इसके बाद नेहा गिरी ने भी डेपुटेशन के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था जिस पर केंद्र सरकार ने अनुमति प्रदान की इसके बाद राजस्थान सरकार ने भी सोमवार को नेहा गिरी को दिल्ली में डेपुटेशन पर जाने के लिए आधिकारिक रूप से अनुमति प्रदान कर दी है गौरतलब है कि भारतीय प्रशासन सेवा के राजस्थान कैडर के कई अधिकारी दिल्ली में पहले से ही डेपुटेशन पर अलग-अलग विभागों में नियुक्त हैं जबकि प्रदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की कमी भी है लेकिन अलग-अलग कारण की वजह से पिछले कई सालों से दिल्ली में डेपुटेशन पर जाने की इच्छा रखने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है जिसकी वजह से प्रदेश के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की कमी होना स्वाभाविक है अधिकारियों की कमी होने की वजह से प्रदेश सरकार को भी एक ही अधिकारी को कई बार कई अन्य विभागों की जिम्मेदारी दे देनी पड़ती है इसलिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का दिल्ली में डेपुटेशन पर जाने की ख्वाहिश कहीं ना कहीं प्रदेश के लोगों के कल्याण और विकास के लिए ठीक नहीं कहीं जा सकती और अधिकारियों के डेपुटेशन पर चले जाने की वजह से सरकारों को भी अपने विजन और कार्यों अपने विजन को हासिल करने और सरकारी योजनाओं के बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।

सम्पादकीय

## तेल-गैस संकट में कितनी राहत, कब तक राहत



पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से उपजे संकट का असर जैसे-जैसे अपने पांव पसारता जा रहा है, वैसे-वैसे यह साफ हो रहा है कि इसकी सबसे गंभीर मार आम लोगों पर पड़ने वाली है। बाजार में जिस तेजी से वस्तुओं की कीमतें चढ़नी शुरू हो गई हैं, उसमें बहुत सारे लोगों के लिए रोजमर्रा की जरूरी चीजों की खरीदारी करते हुए यह सोचने की जरूरत आ खड़ी हुई है कि युद्ध कब खत्म होगा और सामान्य स्थिति कब बहाल होगी। खासतौर पर पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर जिस तरह के हालात पैदा हुए हैं, उसमें स्थिति को सामान्य बनाए रखना सरकार की सबसे अहम प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दिशा में एक कदम उठाते हुए सरकार ने पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में दस-दस रुपए की कटौती की। यों इससे केवल तेल कंपनियों को राहत मिलेगी, लेकिन यह उम्मीद भी की जा सकती है कि फिलहाल आम लोगों के लिए उपलब्ध होने वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर रह सकती हैं। हालांकि ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद जिस तरह दुनिया भर में कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित हुई है, उसकी वजह से वैश्विक पैमाने पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ी हैं। ऐसे में भारत में भी यह चुनौती खड़ी है कि इस समस्या के बीच आम लोगों को राहत देने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। उत्पाद शुल्क में कटौती से खुले बाजार में पेट्रोल और डीजल के दाम को स्थिर रखने में मदद जरूर मिल सकती है, लेकिन अभी असली समस्या उपलब्धता की है। देश भर से ऐसी खबरें आई हैं कि पेट्रोल-डीजल के लिए लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। संकट ज्यादा गहराने की आशंका में पेट्रोल-डीजल की अतिरिक्त खरीदारी करने को लेकर भी एक तरह की होड़ देखी गई है। दूसरी ओर, रसोई गैस के सिलेंडरों की आपूर्ति जिस पैमाने पर बाधित हुई है, उसकी वजह से चौतरफा चिंता उभरी है। ऐसे बहुत सारे लोग हैं, जिनके पास रसोई गैस खत्म हो गई है और एजंसियों में इसकी उपलब्धता बेहद सीमित है। घोषित तौर पर सरकार यह आश्वासन जरूर दे रही है कि घबराने की बात नहीं है, क्योंकि देश के पास तेल और गैस का पर्याप्त भंडार है। कच्चे तेल की खरीद के लिए सरकार ने अन्य विकल्पों की ओर भी देखा है। मगर हालत यह है कि रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी की गई, उसे हासिल करने के लिए अवधि का अंतराल बढ़ाया गया है, वाणिज्यिक सिलेंडर की भी आपूर्ति सीमित की गई है। उसके बावजूद बहुत सारे लोगों के सामने रसोई गैस सिलेंडर प्राप्त करना एक बड़ी चुनौती बन गई है। कई जगहों से सिलेंडरों की कालाबाजारी और जमाखोरी की शिकायतें भी आईं। इसके मद्देनजर प्रधानमंत्री ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात करते हुए जमाखोरी और कालाबाजारी से सख्ती से निपटने को कहा है। मगर इतना तय है कि जब तक सरकार इस संकट के दौर में वैकल्पिक उपायों या फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक प्रयासों के जरिए तेल और गैस की आपूर्ति को सामान्य बनाने की व्यवस्था नहीं करती है, तब तक लोगों के बीच आशंका की स्थिति बनी रहेगी।

# ट्रंप के लिए वियतनाम बना ईरान

*ईरान की निगरानी में गुजरे कुछ जहाजों के अलावा यह जलमार्ग पिछले महीने भर से बंद है। इसकी वजह से तेल, गैस, उर्वरक, हीलियम और प्लास्टिक के कच्चे माल की तंगी हो गई है। भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया समेत एशिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं की निर्भरता खाड़ी पर सर्वाधिक है। इसलिए वहां तो महंगाई और मंदी का खतरा है ही यूरोप और अमेरिका में भी महंगाई पर काबू पाने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने की बातें होने लगी हैं। इसे 1970 के दशक में इजरायल-मिस्र-सीरिया युद्ध और इस्लामी क्रांति के तेल संकटों से भी बड़ा ऊर्जा संकट माना जा रहा है।*

*होर्मुज बंद रहने से उपजे आर्थिक संकट की तपिश एशिया, अफ्रीका और यूरोप के साथ-साथ अमेरिका भी पहुंच चुकी है। अमेरिका में डीजल की कीमतें 25 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। डीजल और उर्वरक की महंगाई का सीधा असर किसानों की आमदनी पर पड़ रहा है। रोजमर्रा का सामान महंगा होने से ट्रंप के मागा समर्थकों में भी नाराजगी है। युद्ध का विरोध करने वालों का आंकड़ा 61 प्रतिशत से ऊपर चला गया है। ट्रंप का अपना जनसमर्थन इतिहास के न्यूनतम बिंदु पर है।*

*सीनेट में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर युद्धमंत्री हेगसेथ और विदेशमंत्री रूबियो को समितियों में तलब करने पर अड़े हैं। नवंबर में होने जा रहे संसदीय चुनाव में यदि ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने कांग्रेस में अपना बहुमत खो दिया तो ट्रंप*



जिस ईरान युद्ध को छेड़ने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोचा होगा कि महज चार दिनों में ही जंग का फैसला हो जाएगा, वह टकराव महीने भर से ज्यादा लंबा खिंच गया है और उस पर जल्द विराम के भी कोई आसार नहीं दिख रहे। इस दौरान अमेरिका के लगभग 40 अरब डालर खर्च हो चुके हैं। रणभूमि पर सैनिक नहीं उतारने की बारंबार दुहाई देने के बावजूद ट्रंप को लगभग सात हजार मरीन और पैराशूट सैनिक भेजने पड़ रहे हैं, लेकिन ईरान न किसी तरह की हार मानने को तैयार है और न सीधी बातचीत को।

अमेरिकी कांग्रेस और संयुक्त राष्ट्र से अनुमति लिए बिना ईरान के परमाणु और मिसाइल खतरे से रक्षा के बहाने छेड़े इस युद्ध ने पूरी दुनिया को गंभीर आर्थिक संकट में झोंक दिया है। ऐसा इसलिए, क्योंकि अपने व्यापक विनाश से तिलमिलाया ईरान अब अपने 454 किलो संवर्धित यूरेनियम को सौंपना और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को सीमित करना तो दूर, होर्मुज जलमार्ग पर कब्जा करने पर तुल गया है।

ईरान की निगरानी में गुजरे कुछ जहाजों के अलावा यह जलमार्ग पिछले महीने भर से बंद है। इसकी वजह से तेल, गैस, उर्वरक, हीलियम और प्लास्टिक के कच्चे माल की तंगी हो गई है। भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया समेत एशिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं की निर्भरता खाड़ी पर सर्वाधिक है। इसलिए वहां तो महंगाई और मंदी का खतरा है ही यूरोप और अमेरिका में भी महंगाई पर काबू पाने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने की बातें होने लगी हैं। इसे 1970 के दशक में इजरायल-मिस्र-सीरिया युद्ध और इस्लामी क्रांति के तेल संकटों से भी बड़ा ऊर्जा संकट माना जा रहा है।

होर्मुज बंद रहने से उपजे आर्थिक संकट की तपिश एशिया, अफ्रीका और यूरोप के साथ-साथ अमेरिका भी पहुंच चुकी है। अमेरिका में डीजल की कीमतें 25 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। डीजल और उर्वरक की महंगाई का सीधा असर किसानों की आमदनी पर पड़ रहा है। रोजमर्रा का सामान महंगा होने से ट्रंप के मागा समर्थकों में भी नाराजगी है। युद्ध का विरोध करने वालों का आंकड़ा 61 प्रतिशत से ऊपर चला गया है। ट्रंप का अपना जनसमर्थन इतिहास के न्यूनतम बिंदु पर है।

सीनेट में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर युद्धमंत्री हेगसेथ और विदेशमंत्री रूबियो को समितियों में तलब करने पर अड़े हैं। नवंबर में होने जा रहे संसदीय चुनाव में यदि ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने कांग्रेस में अपना बहुमत खो दिया तो ट्रंप पर महाभियोग की तलवार भी लटकने लगेगी। इसलिए वे अब इस युद्ध को किसी ऐसे समझौते के साथ समाप्त करने के लिए छटपटा रहे हैं, जिसमें उनकी जीत का ढोल पीटने की गुंजाइश हो।

इसलिए वे किसी भी मध्यस्थ के जरिये संदेश भेज कर बातचीत की हवा बांधने की कोशिश कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि मध्यस्थता के लिए उन्हें चीन या रूस जैसा कोई देश नहीं मिला जिसके ईरान के साथ सामरिक रिश्ते हों। ओमान और कतर जैसे पुराने मध्यस्थ भी तैयार नहीं हुए। बस एक पाकिस्तान मिला।

फारस और ओमान की खाड़ियों को मिलाने वाले होर्मुज जलमार्ग की चौड़ाई उसके मोड़ पर मात्र 21 समुद्री मील है जिसमें से 12 समुद्री मील तक ईरान की जलसीमा है और 12 समुद्री मील ओमान की। दोनों की जलसीमाएं एक-दूसरे से सटी हैं, लेकिन संयुक्त राष्ट्र के जलमार्ग कानून के अनुसार ये दोनों देश अपनी जलसीमाओं से होकर गुजरने वाले जहाजों को रोक नहीं सकते।

जैसे विमानों को दूसरे देशों की वायुसीमा से होकर उड़ान भरने का अधिकार है, वैसे ही जहाजों को जलसीमा से होकर गुजरने का। यहां समस्या अधिकारों की न होकर अंतरराष्ट्रीय नियमों के पालन की है। ईरान पर हमले के समय तो अमेरिका और इजरायल ने संयुक्त राष्ट्र के नियमों का ध्यान नहीं रखा। न ही ईरान के चीन और रूस जैसे मित्रों ने या दूसरे देशों ने हमले रोकने के लिए कोई आवाज उठाई। अब ईरान से उसके होर्मुज जलमार्ग से होकर गुजरने के अधिकार की मांग किस मुंह से करेंगे।

इसे खुलवाने के लिए ट्रंप ने नाटो और दूसरे मित्र देशों को दुत्कारा और फटकारा, लेकिन किसी ने कुछ नहीं किया। पिछले सप्ताह नाटो के महासचिव मार्क रूटर ने होर्मुज खुलवाने के लिए नाटो देशों समेत तीस देशों का संगठन खड़ा करने की बात जरूर की, मगर ईरान का कहना है कि होर्मुज जलमार्ग बंद कहां है? मित्र देशों के जहाजों के लिए तो खुला है। बस अमेरिका, इजरायल और उनके समर्थक देशों के जहाजों के लिए बंद है। उन्हें जाने के लिए भारी चुंगी अदा करनी होगी। कहां तो अमेरिका ने ईरान की मुल्लाशाही को गिराने के लिए उसके तेल पर प्रतिबंध लगा रखे थे।

## राजस्थान दिवसः फिल्म अभिनेता गौरव देवासी ने उठाई आवाज़– ‘संवैधानिक दर्जे के बिना दम तोड़ रही है मायड़ भाषा और संस्कृति ‘




आज राजस्थान दिवस के पावन अवसर पर जहाँ पूरा प्रदेश उत्सव में डूबा है, वहीं राजस्थानी सिनेमा के चर्चित अभिनेता गौरव देवासी ने एक कड़ा और भावुक संदेश जारी किया है। गौरव ने प्रदेशवासियों को बधाई देने के साथ-साथ ‘मायड़ भाषा’ (राजस्थानी) की उपेक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

अभिनेता गौरव देवासी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राजस्थान की पहचान उसकी शूरवीरता और संस्कृति से है, और संस्कृति की जननी उसकी भाषा होती है। उन्होंने कहा:

‘यह बड़े सौभाग्य की बात है कि हम उस धरती के निवासी हैं जहाँ ‘पधारो म्हारे देस’ की संस्कृति फलती-फूलती है, लेकिन यह भी उतना ही बड़ा दुर्भाग्य है कि आज भी हम अपनी मातृभाषा, राजस्थानी, को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल नहीं करवा पाए हैं। संवैधानिक दर्जे के अभाव में राजस्थानी भाषा न केवल पिछड़ रही है, बल्कि धीरे-धीरे दम तोड़ रही है। ‘

गौरव देवासी, फिल्म अभिनेता

सिनेमा और रोजगार पर संकटः

देवासी ने इस बात पर जोर दिया कि जब तक राजस्थानी को संविधान की 8वीं अनुसूची में स्थान नहीं मिलता, तब तक राजस्थानी फिल्मों और साहित्य को वह वैश्विक मंच नहीं मिल पाएगा जिसका वह हकदार है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इसे केवल चुनावी मुद्दा न बनाकर जल्द से जल्द कानूनी अमली जामा पहनाया जाए।

युवाओं से अपीलः

गौरव देवासी ने प्रदेश के युवाओं का आह्वान किया कि वे अपनी मातृभाषा बोलने में झिझक न करें। उन्होंने कहा, ‘भाषा है तो सम्मान है, और सम्मान है तो राजस्थान है। ‘

# पूर्वी राजस्थान का कुंभ केलादेवी मेला (करौली)

*कैला मैया की प्रतिमा की स्थापना 1114 में केदारगिरी द्वारा की गई खींची राजवंश की रियासत गागरोण (कोटा) के राजा मुकुन्द दास ने 1116 में मंदिर का निर्माण करवाया 1116 से 1400 ईस्वी तक गागरोण (जलदुर्ग) के खींची राजाओं की कुलदेवी रही। राजा रघुनाथ दास खींची ने 1153 ईस्वी में इस मंदिर का विस्तार करके कैला देवी के साथ चामुंडा देवी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करवाई।1216 में जब तिमनगढ़ पर राजा धर्मपाल का राज था। तब बाबा केदारगिरी ने जिंदा समाधी ली थी।सन1407 में इस मंदिर पर यादववंशियों का अधिकार हो गया तभी से यादव वंश की कुलदेवी के रूप में कैला मैया की पूजा की जाती है। इससे पहले करौली के यादवों की कुलदेवी अंजनी माता थी। बाद में राजा गोपाल सिंह (1724-1757) ने कैला देवी भवन को नया रूप दिया था।करौली के राजा जय सिंह पाल (1869-1875) ने*

जिला मुख्यालय करौली से 23 किलोमीटर दूर कैला मैया का भव्य मंदिर कालीसिल नदी के किनारे स्थित है। त्रिकूट पर्वत पर केदारगिरी नामक साधु देवी की आराधना किया करता था। देवी के दर्शन प्राप्त करने के लिए उसने 12बर्ष तक हिंगलाज पर्वत (हिमालय- बिहार) पर कठोर तपस्या की थी।जब देवी प्रसन्न हुई तो साधु ने प्रार्थना की कि वह त्रिकूट पर्वत पर चल कर वहां पर रहने वाले एक राक्षस का वध करें साधू की प्रार्थना पर देवी त्रिकूट पर्वत आई और उसने राक्षस का वध कर दिया। कैला देवी मंदिर से आधा किलोमीटर पूर्व में नदी के किनारे एक चट्टान पर देवी के चरण चिन्ह् बने हुए हैं।इस स्थान पर राक्षस का वध करने के कारण आज भी इसे ‘दानव-दह ‘के नाम से जाना जाता है।



राजेश कुमार मीना
करौली

मंदिर का इतिहासः--

कैला मैया की प्रतिमा की स्थापना 1114 में केदारगिरी द्वारा की गई खींची राजवंश की रियासत गागरोण (कोटा) के राजा मुकुन्द दास ने 1116 में मंदिर का निर्माण करवाया 1116 से 1400 ईस्वी तक गागरोण (जलदुर्ग) के खींची राजाओं की कुलदेवी रही। राजा रघुनाथ दास खींची ने 1153 ईस्वी में इस मंदिर का विस्तार करके कैला देवी के साथ चामुंडा देवी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करवाई।1216 में जब तिमनगढ़ पर राजा धर्मपाल का राज था। तब बाबा केदारगिरी ने जिंदा समाधी ली थी।सन1407 में इस मंदिर पर यादववंशियों का अधिकार हो गया तभी से यादव वंश की कुलदेवी के रूप में कैला मैया की पूजा की जाती है। इससे पहले करौली के यादवों की कुलदेवी अंजनी माता थी। बाद में राजा गोपाल सिंह (1724-1757) ने कैला देवी भवन को नया रूप दिया था।करौली के राजा जय सिंह पाल (1869-1875) ने मंदिर के गुंबद बनवा कर इसमें स्वर्ण कलश लगवाये थे।राजा अर्जुन पाल (1876 -1886)ने देंवी की पूजा व्यवस्था में सुधार के अनेक कदम उठाए तथा राजा भँवर पाल (1886-1927)द्वारा इस मंदिर में अनेक भवनों का निर्माण कार्य करवाया गया।

पीतपुरा गांव के मीणा परिवार ने भी देवी को प्रसन्न किया तब से यह लोग ‘गोठिया ‘कहलाते हैं ।इन्हें देवी का ‘भाव ‘आता है।रियासत काल में आगरा के गोली भगत को बड़ा भक्त होने का प्रमाण पत्र मिला हुआ था।जो आगरा से पैदल चलता हुआ हर जगह वस्त्र,पैसा लुटाता हुआ कैला देवी पहुंचता था।आज भी उसके वंशज प्रतिवर्ष पैदल मैया के दर्शन को आते हैं।

कैला मैया का मंदिर संगमरमर का बना हुआ है।इसकी भव्य छतरियां और वास्तुकला देखने योग्य है। मुख्य कक्ष में कैला देवी और चामुंडा की प्राचीन प्रतिमाएं विराजमान है।

हरे रंग की चूड़ियां व सिंदूर सुहाग का प्रतीकः--सुहागिन महिलाएं मंदिर जाने से पूर्व कालीसिल नदी में स्नान करके हरे कांच की चूड़ियां पहन कर खुले केशो से मंदिर जाकर अपने सुहाग,परिवारजन और शिशुओं के सुखी और दीर्घ आयु की कामना कैला मैया से करती हैं।आगरा से लगभग प्रत्येक परिवार पुत्र के विवाहोपरान्त पुत्रवधू को लेकर और शिशु जन्म के बाद शिशु को लेकर मां कैला देवी की यात्रा करते हैं और बच्चों का मुंडन भी यही करवाते हैं। आगरा के अग्रवाल,वैश्य परिवार नियमित रूप से कैला देवी के दर्शनार्थ प्रतिवर्ष आते हैं।भक्तगण नारियल,दुपट्टा, छत्र,चूड़ी,मेहंदी आदि से कैला मैया की पूजा कर प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं।

लांगुरिया :-कैला देवी के मंदिर के ठीक सामने ही एक छतरी में विराजमान कैला मैया के पीए लोक देवता लांगुरिया(लांगुरवीर) का मंदिर है।देवी से की जाने वाली हर प्रार्थना उनके पीए लांगुरिया को ही संबोधित करके की जाती है।लोकगीतों में लांगुरिया प्रधान नायक है।लांगुरिया और मैया को रिझाने के लिए ‘लांगुरिया ‘लोक गीत गाया जाता है।साथ ही ‘जोगणियाँ नृत्य ‘भी किया जाता है।

कैला देवी के भवन में,
घुटवन खेले लांगुरिया, नैक ओडी ड्योढ़ी रहियो,
लांगुर आवेगों

बोहरा भगत का मंदिर

एक जनश्रुति के अनुसार त्रिकूट पर्वत पर बोहरा नामक गुर्जर जाति का चरवाहा अपने पशुओं को चराने ले जाता था।एक दिन उसने देखा कि उसकी बकरियां एक स्थान विशेष पर दुग्ध सृजित कर रही हैं।इस चमत्कार ने उसे आश्चर्य में डाल दिया उसने उस स्थल की खुदाई की तो देवी मां की प्रतिमा निकली चरवाहे ने उस प्रतिमा की पूजा अर्चना आरंभ की धीरे-धीरे प्रतिमा की ख्याति क्षेत्र में फैल गई आज भी बोहरा भगत का मंदिर कैला देवी के प्रांगण में स्थित है। लख्खी मेलाः -कैला मैया का मेला चैत्र माह में भरता है जब सम्पूर्ण कैला ग्राम धार्मिक नगरी के रूप में परिवर्तित हो जाता है। मेले में लाखों नर नारी यहां पहुंचते हैं।इस कारण इस मेले को पूर्वी राजस्थान का लख्खी मेला या कुंभ कहा जाता है ।आश्विनी नवरात्रों में भी मां का भव्य दरबार सजता है कैला देवी को करौली मैया भी कहा जाता है।एक किवदन्ती के अनुसार कंस ने मथुरा की जेल में जब अपनी बहन की संतानों को मारना आरम्भ किया तब आठवीं संतान के रूप में श्री कृष्ण का जन्म हुआ बासुदेव द्वारा श्रीकृष्ण को नंदगांव पहुंचा दिए गए तथा उनके स्थान पर नंदगांव के मुखिया की नवजात कन्या को लाकर जेल में देवकी को दे दिया कंस ने जब इस कन्या को पत्थर पर पटक कर मारने का प्रयास किया तो वह बिजली की तरह आकाश में चली गई और कंस को मारने वाले की भविष्यवाणी की उस कन्या को ही कैला मैया के रूप में पूजा जाता है।

# माओवाद से मुक्ति की घड़ी

माओवाद से मुक्ति की समयसीमा निकट आ जाने के पूर्व बस्तर में 25 लाख के इनामी माओवादी सरगना पापा राव ने अपने 17 साथियों के साथ जिस तरह हथियार डाले, उसे माओवादियों के इस सबसे बड़े गढ़ में माओवादी हिंसा के अंत का एक निर्णायक क्षण मानना स्वाभाविक है, क्योंकि यह इस क्षेत्र का आखिरी बड़ा माओवादी सरगना माना जाता था। देश का माओवाद से मुक्ति की कगार पर पहुंचना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस उपलब्धि के लिए पूरा श्रेय मोदी सरकार और विशेष रूप से गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, जिन्होंने यह संकल्प लिया कि एक निश्चित अवधि में माओवादियों को घुटने टेकने के लिए विवश किया जाएगा। यह



संकल्प पूरा होता इसलिए दिखाई दे रहा है, क्योंकि सुरक्षा बलों ने एक व्यापक और कहीं अधिक प्रभावी रणनीति के तहत माओवाद के खात्मे का अभियान छेड़ा। अच्छी बात यह रही कि इस अभियान में माओवाद ग्रस्त सभी राज्यों और वहां के सुरक्षा बलों ने पूरा सहयोग दिया। यदि माओवाद दशकों से देश के लिए सिरदर्द और आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बना रहा तो इसीलिए कि पहले की सरकारों ने उससे निपटने के मामले में वैसी प्रतिबद्धता का परिचय नहीं दिया, जैसी आवश्यक थी। अब जब माओवाद अंतिम सांसें गिनता दिख रहा है तो यह ध्यान रहे कि ग्रामीण क्षेत्रों में हथियारबंद माओवादी भले ही असहाय-निरुपाय दिख रहे हों, लेकिन अर्बन नक्सल कहे जाने वाले उनके उन समर्थकों को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए, जो माओवादी संगठनों को वैचारिक खुराक देते रहे हैं। स्पष्ट है कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को हताश-निराश माओवादियों को फिर से सिर उठाने का अवसर नहीं देना चाहिए। यह हिंसक विचारधारा किसी भी सूरत में दोबारा नहीं पनपनी चाहिए। माओवाद घोर अतिवादी एवं सभ्य समाज को चुनौती देने वाली एक विषैली और विजातीय विचारधारा है। स्पष्ट है कि इस विचारधारा का सामना विचार के स्तर पर भी करना होगा। ऐसा करते समय यह भी स्मरण रखना होगा कि निर्धन-वंचित ग्रामीणों और विशेष रूप से वनवासियों के हितों की रक्षा की फर्जी आड़ लेकर पनपी इस विचारधारा को समय-समय पर राजनीतिक संरक्षण भी मिला। चूंकि माओवादी भोले-भाले ग्रामीण लोगों के हितों के बहाने कमीशनखोरी और उगाही करने वाले गिरोह में तब्दील हो गए थे, इसलिए वे अपने को सशक्त करते चले गए।

## भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर सकल जैन समाज, धौलपुर द्वारा शहर में भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा सुबह 9 बजे पुरानी सब्जी मंडी स्थित जैन मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः जैन मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का मार्ग पुरानी सब्जी मंडी, तोप तिराहा, बजरिया, गडरपुरा रोड, राजाखेड़ा बस स्टैंड, डाकखाना चौराहा, सेठ प्रताप सिंह मार्ग, निहाल गंज, हलवाई खाना और हनुमान तिराहा रहा। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली और जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। महोत्सव के दौरान भगवान महावीर स्वामी स्वर्णमयी रथ में विराजमान रहे, जो आकर्षण का केंद्र रहा। इसके साथ ही जैन धर्म के सिद्धांतों और 'जियो और जीने दो' के संदेश पर आधारित करीब 10 सुसज्जित झांकियां निकाली गईं। शोभायात्रा में बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर जैन समाज के पुरुष सफेद वस्त्रों में और महिलाएं पारंपरिक केसरिया साड़ियों में मंगलगान करते हुए शोभायात्रा में शामिल हुईं। आयोजन को लेकर समाज के सभी वर्गों में उत्साह का माहौल रहा। जैन समाज धौलपुर के अध्यक्ष धनेश जैन ने बताया कि महोत्सव के तहत मंदिरों में प्रातःकाल स्वर्ण कलशों से अभिषेक, शांतिधारा और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। वहीं शाम को महाआरती एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पूरे शहर के जिनालयों और मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया है।

## हनुमान जन्मोत्सव को लेकर सालासर धाम में उमड़ने लगे श्रद्धालु, पूर्णिमा मेले की तैयारियां तेज



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** सालासर धाम में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं का आगमन धीरे-धीरे शुरू हो गया है। सोमवार को भी देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सालासर पहुंचे और बालाजी महाराज के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्री हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश पुजारी ने बताया कि तीन दिवसीय मेले के दौरान देशभर से भक्त सालासर पहुंचते हैं और बालाजी महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धा के साथ मनाते हैं। श्रद्धालु चूरमा व लड्डू का भोग लगाकर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। लाखों लोगों की आस्था के केंद्र सालासर धाम में मुख्य मेला 2 अप्रैल को पूर्णिमा के अवसर पर भरेगा, जिस दिन श्रद्धालु दर्शन कर निहाल होंगे। पूर्णिमा मेले को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। सुजानगढ़ एएसपी दिनेश कुमार एवं डिप्टी दरजाराम बोस ने पुलिस जवानों को निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से दर्शन करवाने के लिए प्रेरित किया जाए और उनके साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखा जाए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस दौरान सुभाष कुमार विश्नोई, नीरज कुमार शर्मा, अशोक कुमार, ओमप्रकाश, फूलचंद, आनंद कुमार सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## पटवारी होशियार सिंह निलंबित, विभागीय जांच शुरू

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं,(निस)।** जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने तहसील झुंझुनूं के नयासर पटवार मंडल में कार्यरत पटवारी होशियार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के तहत की गई है। आदेश के अनुसार, पटवारी होशियार सिंह के विरुद्ध नियम 16 सीसीए के तहत विभागीय जांच संस्थित की गई है। जांच लंबित रहने के दौरान उन्हें नियम 13(1) के प्रावधानों के अंतर्गत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा, जो अवकाश वेतन के समकक्ष रहेगा। साथ ही, इस अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय सूरजगढ़ निर्धारित किया गया है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आरोप पत्र एवं आरोप विवरण शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत किए जाएं, ताकि जांच प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।

## कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने किया मिलेट बार वितरण का शुभारंभ, कुपोषण मुक्ति की दिशा में नई पहल

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के ओदी का पुरा स्थित नंदघर के रूप में विकसित आंगनबाड़ी केंद्र पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के मुख्य आतिथ्य में बालवर्धन परियोजना के तहत बच्चों के पोषण हेतु मिलेट बार वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने बच्चों को मिलेट बार वितरित करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया। यह पहल वेदान्ता के अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से संचालित की जा रही है, जिसका क्रियान्वयन अर्पण सेवा संस्थान द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर ने मिलेट्स (मोटे अनाज) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक जीवनशैली में इनका उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मिलेट बार बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होंगे और जिले में कुपोषण मुक्ति की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में निर्माण, मरम्मत एवं अन्य भौतिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी चर्चा की। उपनिदेशक भूपेश गर्ग ने नंदघर फाउंडेशन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के उन्नयन, राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं मुख्यमंत्री न्यूट्री किट योजना की जानकारी दी। इस अवसर पर तीन गर्भवती महिलाओं को न्यूट्री किट भी वितरित की गई। वेदांता प्रतिनिधि श्रीमती प्रियंका ने संस्थान की सामाजिक जिम्मेदारियों एवं नंदघर के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को यूनिफॉर्म, बैग और पानी की बोतलें भी वितरित की गईं।

## बोर्ड टॉपर बालिकाओं का भव्य स्वागत, रथ यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भींचावा की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के सम्मान में गांव में भव्य स्वागत एवं विजय जुलूस निकाला गया। कक्षा 10वीं में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली सोनम मेघवाल तथा 90 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली सुंदर मेघवाल को पूरे गांव में रथ में बैठाकर सम्मानित किया गया।






गोधाम भींचावा के पुजारी चेनाराम महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। जुलूस में दर्जनों बाइक, चौपहिया वाहन तथा बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और बालिकाओं ने नृत्य कर खुशी व्यक्त की। जुलूस का शुभारंभ गोधाम से बाबा रामदेव की ज्योत प्रज्वलित कर तथा महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर किया। जुलूस के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर एवं मालाएं पहनाकर बालिकाओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में मकराना थाने के सहायक पुलिस उप निरीक्षक नेमीचंद मीणा पुलिस बल के साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मुस्तैद रहे। इस अवसर पर चेनाराम महाराज ने कहा कि बालिकाओं की मेहनत और लगन ने उन्हें सफलता दिलाई है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि दोनों छात्राएं साधारण परिवार से हैं। उनके पिता मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। इसके बावजूद बालिकाओं ने घर के कार्यों में सहयोग करते हुए प्रतिदिन 5 से 6 घंटे अध्ययन किया और बिना किसी ट्यूशन या कोचिंग के स्वाध्याय एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से सफलता प्राप्त की।

टॉपर छात्रा सोनम मेघवाल ने कहा कि सफलता संसाधनों से नहीं, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत से मिलती है। शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं परिजनों के सहयोग से ही वह अपने लक्ष्य को हासिल कर पाई। कार्यक्रम में सरपंच हनुमानराम, विक्रम सिंह लोरोली, नोरतमल लीलड़, राजेंद्र कुमार, प्रकाशचंद, कैलाश, राजेश बाजिया, बीरमाराम, सुरेंद्र, किशन, वरिष्ठ अध्यापक तेजराज गवारिया, बजरंगलाल बिजारनिया, मनीषा आल्हा, नवदीप शर्मा, सरोज मीणा, शारीरिक शिक्षक परमाराम रलिया, पंचायत शिक्षक श्रवण कुमार, वीरेंद्र लीलड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## बाखासर के रण में गूँजे वीणा के सुर, वाणी उत्सव ने जगाई लोक संस्कृति की अलख

जयपुर टाइम्स

**बाड़मेर/बाखासर(निसं)।** थार के सुनहरे सफेद रण में रविवार को लोक परंपरा, संगीत और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब रूमा देवी फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'वाणी उत्सव 2026' का शुभारंभ बाखासर के रण में हुआ। प्रथम दिवस पर वीणा की मधुर धुनों और वाणी गायन की सुरलहरियों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और लोक रंगों से सराबोर कर दिया। हजारों की संख्या में श्रोता देर रात तक इस अनूठे आयोजन का आनंद लेते रहे। इस आयोजन में मारवाड़, मालवा और कच्छ क्षेत्र के करीब 40 भजन गायकों के दलों ने अपनी प्रस्तुति दी। कच्छ के प्रसिद्ध वाणी गायक मुरालाला मारवाड़ा ने अपनी मखमली आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने 'हिये काया में बर्तन माटी का' और 'ऐसा-ऐसा राम रस पियों मेरे भाई' जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मुरालाला और कविता पोटलिया की जुगलबंदी ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र से आए रंजीत अखंड, केलम दरिया, केहराराम, झामन गढ़वीर, जयसिंह सोलंकी और लक्ष्मणराम भील सहित अन्य कलाकारों ने भी अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान आदूराम मेघवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी लोक परंपराओं को जीवित रखने का सशक्त माध्यम हैं। वहीं रतन सिंह बाखासर ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वाणी उत्सव जैसे कार्यक्रम वाणी गायन को नई पहचान देते हैं और इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाते हैं। आयोजन की प्रेरक



शक्ति रूमा देवी ने कहा कि बाखासर के रण में वाणी उत्सव का आयोजन न केवल लोक कलाओं के संरक्षण का माध्यम है, बल्कि इस क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि अनन्तराम विश्नोई, थान सिंह डोली, योगेश यादव, डीएसपी चौहटन जेठाराम जयपाल, रतन सिंह बाखासर, बाबूलाल (जिला प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जालोर), तेजदान चारण (सरपंच साता), मोतीराम (सीमा जन मंच), सादुलाराम सियोल, पुलिस निरीक्षक मोहनलाल, राजूराम, इन्द्र पुरोहित, ताजाराम सियाग (किसान नेता), जोगाराम डूडी सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थानीय भामाशाहों—भीख सिंह साता, मोहनलाल हुड्डा, गोमाराम काकड़, हरिसिंह बाखासर, नरपत सोनी, कानाराम जाखड़, विष्णु चौधरी धनाऊ, पुखराज काकड़, बांकाराम देवासी, डूंगराराम वागेला सहित अन्य का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन उम्मेद सिंह चौधरी, रमेश मिर्धा, दीप सिंह भाटी रणधा और जसवंत सिंह डूडी ने किया।

## रमेश गुर्जर की पुत्रियों ने किया क्षेत्र का नाम रोशन ईशिका गुर्जर व इतिशा गुर्जर ने किया सुरेश गुर्जर के पुत्र अर्णव गुर्जर बी टॉप किया टॉप, अब आईएएस बनने का सपना



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में दौलतपुरा क्षेत्र के खेरवाड़ी गांव में स्थित आचार्य कुलम स्कूल की छात्रा ईशिका गुर्जर ने 96 प्रतिशत अंक व अर्णव गुर्जर93 प्रतिशत अंक एम, इतिशा गुर्जर 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र में टॉप कर परिवार, और गांव का नाम रोशन किया है। इस शानदार सफलता से गांव में खुशी का माहौल है तथा परिजनों और शुभचिंतकों व महावीर गुर्जर यूनिवर्सिटी के पूर्व महासचिव एंव राष्ट्रीय महासचिव ने उनको बधाई दी। परिवार में शिक्षा का अच्छा माहौल रहा है। ईशिका व अर्णव,इतिशा ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता, विद्यालय के गुरूजनों को दिया जिससे मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और सहयोग से यह सफलता संभव हो सकी। ईशिका व, अर्णव,ईतिशा ने बताया कि स्कूल समय के अलावा घर पर प्रतिदिन 8 से 10 घंटे तक अध्ययन करती थी। नियमित पढ़ाई, मां के गृहकार्य में भी सहयोग करने साथ ही अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता का मूल मंत्र रहा। उन्होंने बताया कि सपना भविष्य में आईएएस अधिकारी बनने का है, ताकि वह समाज और देश की सेवा कर सके। दोनों बहनों की इस उपलब्धि से खेरवाड़ी गांव सहित पूरे दौलतपुरा क्षेत्र में गर्व का माहौल है। ग्रामीणों ने कहा कि ईशिका एवं ईतिशा की सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

## बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने किया उप कारागृह सांभरलेक का निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** मॉडल जेल मैन्यूल 2016' के तहत गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स की ओर से अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति, सांभर लेक (लिंक अधिकारी) डॉ. ऋचा कौशिक की अध्यक्षता में उप कारागृह सांभर लेक (फुलेरा) का संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस संबंध में जानकारी प्रेस नोट के माध्यम से दी गई। जिसमें बताया गया कि निरीक्षण के दौरान बोर्ड सदस्यों ने जेल में निरुद्ध बंदियों से वार्तालाप कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बंदियों ने बताया कि जेल में किसी भी प्रकार का जातिगत भेदभाव नहीं किया जाता है तथा सभी को समान रूप से सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।बोर्ड सदस्यों ने जेल के लंगरखाना (रसोई) का भी निरीक्षण किया तथा वहां कार्यरत बंदियों से संवाद किया। बंदियों ने बताया कि कार्य व्यवस्था में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता तथा सभी बंदी आपसी सहयोग से कार्य करते हैं। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी सांभर लेक ऋषिराज कपिल, उप कारागृह प्रभारी भरत लाल मीणा, ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी सांभर लेक के प्रतिनिधि रामनारायण मीणा, सहायक लोक निर्माण विभाग से रामावतार यादव, राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय सांभर लेक से दिलीप कुमार, समाज कल्याण विभाग से कैलाश चौधरी, जिला कृषि अधिकारी शंकर लाल गौड़, अंजलि महिला एवं बाल उत्थान ट्रस्ट के संस्थापक रामजीलाल शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष रजनी देवी, ममता कुमावत तथा लीगल एड असिस्टेंट चान्दमल सांभरिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सेठ सांवरिया सेवा संस्थान का एक वर्ष पूर्ण, गौसेवार्थ 'ग्रास रथ' का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**चौमू(निस)।** सेठ सांवरिया सेवा संस्थान के एक वर्ष पूर्ण होने पर मोरीजा रोड स्थित रामकुंवर जी मंदिर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आर चंद्रा पैलेस के निदेशक मुकेश सैनी व गौरक्षक प्यारे लाल उपस्थित रहे। इस दौरान सभी अतिथियों का साफा व दुपट्टा पहनाकर स्वागत-सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य ध्येय वाक्य 'गाय बचेगी तो राष्ट्र बचेगा' रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने गौ माता के भोजन के लिए गौ ग्रास रथ का शुभारंभ किया। संस्थान की ओर से गायों के लिए 251 टंकियों का निर्माण भी किया गया है, जिनमें इस रथ के माध्यम से पानी की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही रथ के जरिए प्रतिदिन हरा चारा भी पहुंचाया जाएगा।

संस्थान की ओर से पिछले एक वर्ष से निरंतर गौ-सेवा एवं जनसेवा के कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में किसानों को प्रतिदिन हरा चारा उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही 'जीव प्यासा' अभियान के तहत चौमू क्षेत्र में आमजन के लिए पानी की टंकियां भी स्थापित की गई हैं, जिनमें नियमित रूप से पानी की व्यवस्था की जाती है। कार्यक्रम में संस्थान के सदस्य संदीप भातरा, रामकृष्ण शर्मा, यश सैन, श्रेष्ठ अग्रवाल, यश शर्मा, युवा सेन, लक्की शर्मा, विवेक शर्मा, अखिल पाराशर, विष्णु शर्मा, लक्की कुमावत, पीयूष शर्मा, गोलू शर्मा, मोहित शर्मा (हवेली वाले) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार शर्मा ने किया।

## रहना वाली माता के लक्खी मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब, दो दिन में एक लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निसं)।** राजाखेड़ा उपखंड के मरेना क्षेत्र स्थित रहना वाली माता मंदिर में चल रहे लक्खी मेले में आस्था का ज्वार उमड़ पड़ा है। चंबल के बीहड़ों में विराजमान रहना वाली माता मंदिर पर देशभर से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। पिछले दो दिनों में ही यहां एक लाख से अधिक श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर ढोक लगा चुके हैं। मेले में ध्वजा एवं नेजा चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। जिन भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण हुई हैं, वे अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ सजी-धजी ध्वजाएं लेकर माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। पूरे क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण जनसमुद्र जैसा दृश्य देखने को मिल रहा है।




मेले की व्यवस्थाओं की प्रभारी तहसीलदार दीप्ति देव ने बताया कि राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली, गुजरात सहित कई राज्यों से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। यह मेला चैत्र और शारदीय नवरात्र में विशेष रूप से आयोजित होता है और माता में लोगों की गहरी आस्था है। मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई मनोकामना यहां अवश्य पूर्ण होती है। श्रद्धालु मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर पिलुआ के पेड़ पर धागा बांधते हैं और मनोकामना पूरी होने पर ध्वजा चढ़ाकर माता का आभार व्यक्त करते हैं। कई श्रद्धालु रात्रि विश्राम एवं जागरण कर अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं। मेले का आयोजन रहना वाली माता ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा कर रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए हैं। दिहोली थाने की अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित की गई है, वहीं राजाखेड़ा थाने के उपनिरीक्षक भीम सिंह सहित पुलिस बल तैनात है। उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा एवं तहसीलदार दीप्ति देव भी लगातार मेले में कैंप कर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रही हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ गया है, जिससे कई स्थानों पर जाम की स्थिति बन रही है। गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह शर्बत और भंडारों की व्यवस्था की गई है। कई स्थानों पर भोजन की व्यवस्था भी की गई है, जिससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिल रही है। इन व्यवस्थाओं के लिए स्थानीय लोग आपसी सहयोग से सेवाभाव में जुटे हुए हैं।

मेले में एक ओर जहां भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है, वहीं सामाजिक एकता और सेवा भावना की भी मिसाल पेश हो रही है।

## जसवन्तगढ़ ताल के कृष्ण मृगों की सुरक्षा करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** स्थानीय मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष और वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने राज्य के मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जसवंतगढ़ ताल में छोड़े गए कृष्ण मृगों की सुरक्षा की मांग की हैं। पत्र में डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने लिखा कि ताल छापर अभयारण्य के विस्तार के नाम पर वन विभाग ने बिना सोचे समझे सुजानगढ़ से कसुम्बी गांव जाने वाले डीडवाना - कुचामन जिले के जसवन्तगढ़ ताल में अभयारण्य के हिरण लाकर उन्हें बंधक बना कर रखा हुआ है।



इस ताल में और इसके आसपास सुजानगढ़ कस्बे का बरसाती और गंदा पानी आकर इकट्ठा होता हैं। ऐसे में ट्रायल के नाम पर इस दलदली क्षेत्र में काले मृगों को लाकर छोड़ दिया है। इस अभयारण्य में किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जाता। पत्र में लिखा कि इस ताल को डेवलपमेंट करने में करोड़ों रूपये का वन विभाग व्यय बता रहा हैं, इस अनियमितता की भी जांच होनी चाहिए। डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने आशंका जताई है कि ऐसे में यहां के प्रतिकूल वातावरण में कुछ कृष्ण मृग मर भी सकते हैं, जिसके तथ्य वन विभाग छुपा लेगा। पत्र में लिखा कि इस विस्तारित अभयारण्य को तीन वर्ष के लगभग हो गये हैं। अतः अब यदि सारी व्यवस्था दुरुस्त है तो इस क्षेत्र को भी पर्यटकों के लिए खोल देना चाहिए। जिससे वन विभाग की आय में बढ़ोतरी होगी।

## मधुमक्खियों के हमले मे दो घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सोमवार सुबह स्टेशन रोड पर स्थित कनोई बिल्डिंग के पास फल का ठेला लगा रहे लोगो पर मधमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे दो भाई कय्यूम 29 वर्ष और आसिफ 27 वर्ष पुत्रगण उम्मेद सब्जी फरोश निवासी वार्ड 44 सुजानगढ़ घायल हो गए। जिनको बगड़िया अस्पताल



लाया गया। जहां पर श्याम स्वर्णकार की सहायता से इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू किया गया तथा डंक निकाले गए। कय्यूम के करीब 50 डंक तथा आसिफ के 20-25 डंक निकाले गए। वहाँ खड़े बाकी लोगो ने भागकर खुद को बचाया। डॉ विवेक सोनी, ओमप्रकाश आदि ने इलाज किया।

## एमए में नए विषय शुरू करने की मांग, एसएफआई ने सौंपा ज्ञापन




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय राजकीय कॉलेज में स्नातकोत्तर स्तर पर नए विषय प्रारंभ करने की मांग को लेकर सोमवार को स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की कॉलेज इकाई ने शिक्षा मंत्री के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एमए कक्षाओं में राजनीति विज्ञान, भूगोल व उर्दू विषय शुरू किए जाने की मांग की गई।छात्र नेताओं ने बताया कि इन विषयों की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों को अन्य शहरों में जाना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक बोझ बढ़ता है। कॉलेज में ही विषय शुरू होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकेंगे।ज्ञापन सौंपते हुए एसएफआई पदाधिकारियों ने कहा कि यह मांग लंबे समय से लंबित है और छात्रों के शैक्षणिक हितों से जुड़ी हुई है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई।इस दौरान इकाई अध्यक्ष अंकित चेजारा, सचिव भावना स्वामी, संदीप मडीवाल, फर्दीन, सुमैया जाटू, मुस्कान, कमलदीप, कमल खींची, निकिता, मनीष सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## लुमास में परिंडे लगाकर पक्षियों की प्यास बुझाने का संकल्प



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** लुमास ग्राम स्थित महात्मा गांधी राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को बेजुबान पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करते हुए परिंडे बांधे गए। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी एवं पक्षी मित्र संजय शर्मा ने विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों के साथ मिलकर पक्षियों के संरक्षण का संदेश दिया। संजय शर्मा ने बच्चों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पक्षियों की सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। इससे न केवल मन को शांति मिलती है, बल्कि सकारात्मक सोच का भी विकास होता है। उन्होंने सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने तथा नियमित रूप से पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश जांगिड़ ने भी अधिक से अधिक परिंडे लगाने का संकल्प लिया। साथ ही सुमन, राजपाल, कैलाश शर्मा, अन्नू, सुरजीत, प्रतिभा, रुचिका व सुनीला सहित समस्त स्टाफ ने परिंदों में नियमित रूप से पानी भरने की जिम्मेदारी ली। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में पर्यावरण व जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने का संदेश दिया गया।

## मंदिर की माफी भूमि पर अतिक्रमण का आरोप, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**पाटन/नीमकाथाना (निंस.)।** उपखंड क्षेत्र के बक्शीपुरा गांव में स्थित श्री ठाकुरजी सीताराम मंदिर की माफी भूमि पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। सोमवार को ग्रामीणों की मौजूदगी में मंदिर के महंत बलबीर दास ने अतिरिक्त जिला कलक्टर नीमकाथाना को ज्ञापन सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की।



महंत ने बताया कि मंदिर की खाता संख्या 39 की कुल 29 किता भूमि, जिसका रकबा करीब 9.76 हेक्टेयर है, संवत् 2075-78 के राजस्व अभिलेखों में मंदिर के नाम दर्ज है। इसके बावजूद गांव के ही रामकिशन स्वामी और ओमप्रकाश स्वामी ने उक्त भूमि पर जबरन कब्जा कर खेती करने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि संबंधित लोगों ने मंदिर की भूमि पर चना, गेहूं व सरसों की फसल काट ली तथा विरोध करने पर महंत को धमकियां दी गईं। महंत ने आशंका जताई कि आरोपित किसी गंभीर घटना को भी अंजाम दे सकते हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपितों ने मंदिर भूमि के संबंध में गलत तथ्य प्रस्तुत कर देवस्थान विभाग, उदयपुर से फर्जी तरीके से रजिस्ट्रेशन करवा लिया, जबकि उनका मंदिर से कोई धार्मिक या पुजारी संबंध नहीं है। महंत बलबीर दास ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर की माफी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए तथा देवस्थान विभाग में हुए कथित फर्जी पंजीकरण को निरस्त किया जाए। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है और क्षेत्र को धार्मिक गतिविधियों के लिए सुरक्षित रखा जाना आवश्यक है। प्रशासन ने मामले में जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## कृषि कॉलेज मण्डावा में सेमिनार आयोजित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** अन्न की बर्बादी को रोकने व साइबर अपराध से बचने समाज में सकारात्मकता बदलाव लाने के उद्देश्य से राम नारायण चौधरी कृषि महाविद्यालय मण्डावा में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य पी सी गुप्ता ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साइबर सेल के प्रोग्राम सहायक राजेंद्र कुमार रहे। विशिष्ट अतिथि राजकीय विद्यालय से सेवानिवृत प्रधानाचार्य डॉ पितराम गोदारा, पर्यावरण व जन जागृति संस्थान के अध्यक्ष संजय शर्मा रहे। कार्यक्रम में राजकीय विद्यालय से सेवानिवृत प्रधानाचार्य डॉ पितराम गोदारा ने बताया कि अभियान का मुख्य संदेश ये है कि भोजन लो उतना थाली में व्यर्थ न जाएं नाली में यानी कि थाली में उतना ही भोजन ले जितना कहा सके। ताकि अन्न की बर्बादी न हो।शादी विवाह ओर सामाजिक आयोजनों में बड़ी मात्रा में भोजन थालियों में छोड़ दिया जाता है जो कि कचरे में चला जाता है। इसलिए भोजन अनादर नहीं करना चाहिए। मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे



साइबर क्राईम सहायक प्रोग्रामर राजेंद्र ने साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि आज के दौर में पढ़े लिखे समझदार लोग साइबर अपराध में फंस रहे है। क्योंकि उन्हें पता नहीं होता है कि हमारे साथ धोखा धडी हो रही है साइबर अपराध का शिकार होने के बाद पता चलता है कि हमारे साथ धोखा दड़ी हुई है। बताया कि अपनी जानकारी स्वयं के पास रखिए किसी अंजान व्यक्ति को नहीं दे।इस मौके पर पर्यावरण एवं जन जागृति संस्थान के अध्यक्ष संजय शर्मा ने भी अपने विचार रखते हुए बताया कि अपने महाविद्यालय में दो विषयों को लेकर सेमिनार हुई दोनों ही गंभीर विषय है। दोनों विषयों पर चिंतन करने के लिए प्रेरित किया। खुद बचे ओर दूसरों को भी प्रेरित करे। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने शपथ ली।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा।

## मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के शिक्षाविद पंडित सांवलराम मिश्र ने बिजारोपण श्रीराम माध्यमिक विद्यालय के अन्तर्गत संचालित एसआरएम इंग्लिश मीडियम स्कूल के होनहार मेघावी बच्चों को विद्यालय प्रांगण में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम में शामिल होकर मेघावी बच्चों का सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय के 2 टॉपर को रेंजर साईकिल पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट माणकचंद भाटी ने कहा की बच्चों को अच्छी शिक्षा ही आने वाले जीवन में सक्षम व श्रेष्ठ बना सकती है। बच्चों को मोबाइल से दूर रखना हर अभिवाहक का दायित्व भी है। इस अवसर पर मौलाना इरफान ने बेहतर तालीम पर जोर दिया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता फारूक व्यापारी




ने विद्यालय की ओर से शानदार परीक्षा परिणाम रखने पर सभी स्टाफ व बच्चों को बधाई प्रेषित कर विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रधानाध्यापिका मधु मिश्रा व व्यवस्थापक सुनील मिश्र ने विद्यालय परिवार की तरफ से अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता फारुक व्यापारी, मौलाना इरफान, सामाजिक कार्यकर्ता उम्मेद बलारिया, एडवोकेट नितेश भोजक सहित विद्यालय स्टाफ व समाज के मौजीज व महिला शक्ति उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील मिश्र ने किया।

## ग्राम मीणा की नांगल में समस्याओं का स्थाई समाधान होना जरूरी

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से 2020 में संपन्न हुए पंचायत चुनावों में कई वायदे किए गए थे, लेकिन उनमें से कुछ वायदे आज भी पूरे नहीं हुए हैं। ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत दलपतपुरा के राजस्व ग्राम मीणा की नांगल का सामने आया है। गांववासियों के अनुसार, खदानों से उड़ने वाली धूल और भारी ब्लास्टिंग के कारण पर्यावरण दूषित हो रहा है और खेती योग्य भूमि धीरे-धीरे बंजर होती जा रही है। इसके अलावा, पेयजल संकट भी गंभीर रूप ले चुका है। गांव के आसपास लगभग दो दर्जन खदानें स्वीकृत हैं, जिससे समस्या और बढ़ गई है।दलपतपुरा निवासी और भावी सरपंच प्रत्याशी भूप सिंह गुर्जर ने कहा कि उन्होंने मीणा की नांगल गांव के लोगों



से इस विषय में चर्चा करने का मन बनाया है और उनकी समस्याओं के समाधान का रास्ता निकालेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों को सुकून भरी जिंदगी जीने का अधिकार है और उनके लिए काम करना ही सच्चा मानव धर्म है। इस कार्य में मैं कभी पीछे नहीं हटूंगा, चाहे जनता मुझे वोट दे या न दे। जनता के लिए मैं सदैव 24 घंटे तैयार खड़ा रहूंगा। भूप सिंह के पिता राम शरण गुर्जर आयुर्वेद विभाग में कंपाउंडर के रूप में कार्यरत हैं और सेवाभावी व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं। वहीं भूप सिंह भी विकास कार्यों में सक्रिय रहते हैं और ग्रामीण जनता की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।गांववासियों की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देने और स्थाई समाधान खोजने का यह प्रयास मीणा की नांगल के लिए उम्मीद की किरण बन सकता है।

## मनोज पारीक बने बीकानेर विभाग के सह विभाग प्रमुख

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सहकारिता क्षेत्र में सक्रिय संगठन सहकार भारती ने संगठन विस्तार के तहत मनोज पारीक को बीकानेर विभाग का सह विभाग प्रमुख नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राजस्थान प्रदेश संगठन प्रमुख प्रदीप चौबीस की ओर से की गई है। उनके कार्यक्षेत्र में बीकानेर विभाग के अंतर्गत चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ एवं बीकानेर जिले शामिल रहेंगे। यह दायित्व उन्हें जयपुर में आयोजित सहकार भारती के दो दिवसीय अभ्यास वर्ग के उपरांत सौंपा गया। नियुक्ति के बाद मनोज पारीक ने कहा कि वे शीघ्र ही सदस्यता अभियान चलाकर सहकारिता के मूल भाव को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। साथ ही कोऑपरेटिव सेक्टर में कार्यरत समितियों को संगठन से जोड़कर उन्हें मजबूत बनाया जाएगा।

## 55 वर्षीय अधेड़ गिरफ्तार, अवैध गांजा जब्त

**मण्डावा(निस)।** मंडावा पुलिस ने एनएच 11 स्थित बिसाऊ पुलिया के पास घेराबंदी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से अवैध गांजा बरामद किया गया है। मंडावा थानाधिकारी रामनारायण चोयल ने बताया कि पुलिस बिसाऊ पुलिया (हा-11) के पास गश्त पर थी। इसी दौरान एक व्यक्ति पुलिस की गाड़ी देखकर सकपका गया और छिपने की कोशिश करने लगा। उसकी संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। आरोपी की पहचान अरुण कुमार (55)पुत्र बजरंगलाल निवासीः वार्ड नंबर 04, मंडावा के रूप में हुई।
तलाशी के दौरान आरोपी अरुण कुमार के पास से 64.66 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। जब पुलिस ने आरोपी से गांजा रखने के संबंध में वैध लाइसेंस या अनुज्ञापत्र मांगा, तो वह कोई भी संतोषजनक दस्तावेज पेश नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी को NDPS एक्ट की धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अब पुलिस इस बात की तफ्तीश कर रही है कि आरोपी यह गांजा कहाँ से लाया था और मंडावा में किन-किन लोगों को इसकी सप्लाई की जानी थी।

## सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** श्री गांधी जनकल्याण समिति, मण्डावा की ओर से मंगलवार को सुबह साढ़े दस बजे मुकुन्दगढ़ मार्ग स्थित जाल वाले बालाजी मन्दिर प्रांगण में सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक सूर्यप्रकाश लाहोरा ने सभी धर्मप्रेमियों का आव्हान किया है कि आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर आयोजन को सफल बनाएं।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, चाकसू**

क्रमांक न.पा.चा./2026/9349 दिनांकः 25.03.2026

**निविदा सूचना संख्या 11/2025-26**

सर्वसाधारण का सूचित किया जाता है कि नगर पालिका चाकसू द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु नियत धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क नकद जमा कराने पर ही निविदा प्रपत्र विक्रय किया जायेगा। कार्यो के निविदा प्रपत्र का विक्रय कार्य के सामने अंकित दिनांक को दोपहर 01.00 बजे तक किया जावेगा तथा निविदा प्राप्ति तिथि को बन्द लिफाफे में दोपहर 2.00 बजे तक वापिस जमा की जाकर निविदा दिनांक को ही उपस्थित निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधि के समक्ष सायं 4.00 बजे खोला जावेगा। निविदायें स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिषाषी अधिकारी का होगा। निविदा पत्र प्राप्त करने हेतु आयकर (पेनकार्ड) की छाया प्रति आवष्यक रुप से संलग्न करनी होगी। शेष शर्ते एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। निविदा तिथि को आकस्मिक अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस में निविदाएं विक्रय की जावेगी।

| S. No | UBN No. |
|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB40007 |
| 2 | DLB2526WSOB40010 |

राज.संवाद/सी/25/23510 अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :-न.प.सु/सफाई शाखा/2026/12831 दिनांक :- 25.03.2026

**निविदा सूचना-2026**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 07.04.2026 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 07.04.2026 को दोपहर 2:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट ूेचचचण्तंरण्हवअण्पद पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक- **DLB2526SSOB40290, DLB2526SSOB40291, DLB2526SSOB40292, DLB2526SSOB40294, DLB2526SSOB40295, DLB2526SSOB40297, DLB2526SSOB40298, DLB2526SSOB40299** कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/23573

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :-न.प.सु/सफाई शाखा/2026/12826 दिनांक :- 25.03.2026

**निविदा सूचना - 2026**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 07.04.2026 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 07.04.2026 को दोपहर 2:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक- **DLB2526WSOB40314** कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद, सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/23574

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :-न.प.सु/स्टोर शाखा/2026/12808 दिनांक :- 25.03.2026

**:-ई-निविदा सूचना-2025-26:-**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा दिनांक 13.04.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक **DLB2526SLOB40271, DLB2526SLOB40276, DLB2526SLOB40278, DLB2526SSOB40279, DLB2526SSOB40281** है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद, सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/23575

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :-न.प.सु/स्टोर शाखा/2025/12801 दिनांक :- 25.03.2026

**निविदा सूचना - 2026**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 01.04.2026 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 01.04.2026 को दोपहर 1:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक- **DLB2526GSOB40263, DLB2526SSOB40258, DLB2526SSOB40265** कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद, सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/23576

**कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

कमांक : न.प.सु / भूमि शाखा / 2026 / 12943 दिनांक 30-03-2026

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि नियमन के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो, आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे 7 बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | ख.न. | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय / व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्रीमती समीम बानो पत्नी जमील अहमद | सुजानगढ़ | 670 | 166.06 | आवासीय |
| 02. | श्री जाहिद अली पुत्र श्री नेक मोहम्मद | सुजानगढ़ | 670 | 205.54 | आवासीय |

आयुक्त
नगरपरिषद सुजानगढ़

**Office of the Executive Engineer, Public Health Engineering Department, Division Ratangarh**

No.:- EE/NIT/2025-26/ 3268 Date: 24/03/2026

**Notice Inviting Bid**

Bid of SUPPLY OF CID JOINTS FOR HDPE, PVC PIPES UNDER PHED DIVISION RATANGARH are invited from interested bidders up to 07.04.2026, for other particulars/details of the bids may visit on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and P.H.E.D. department website:

UBN NIT No.: 70 PHE 2526 WSOB15844
UBN NIT No.: 71 PHE 2526 WSOB15845

(Mahendra Kantiwal)
Executive Engineer
PHED Division Ratangarh

DIPR/C/6179/2026

# सुमेरपुर में 'कचरा राज' कायम: आरटीओ ऑफिस के पास गंदगी का साम्राज्य, जाम से रोज जूझ रही जनता

जयपुर टाइम्स




**सुमेरपुर(निस)।** शहर में स्वच्छता के बड़े-बड़े दावों की हकीकत सोमवार को एक बार फिर खुलकर सामने आ गई। रुञ्रह ऑफिस के पास स्थित पेशाबघर के आसपास का क्षेत्र इन दिनों गंदगी का स्थायी अड्डा बन चुका है। यहां सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि नगरपालिका की पूरी व्यवस्था ध्वस्त नजर आ रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कचरा उठाने के लिए जेसीबी और ट्रैक्टर तो लगाए जाते हैं, लेकिन यह प्रक्रिया सफाई कम और अव्यवस्था ज्यादा पैदा कर रही है। कचरा ट्रैक्टर में डालते समय बड़ी मात्रा में गंदगी सड़क पर ही बिखर जाती है, जिसे बाद में समेटने की कोई जहमत नहीं उठाई जाती। नतीजतन, सड़क पर कचरे के ढेर, उड़ती धूल और बदबू से आमजन का जीना दूभर हो गया है। स्थिति इतनी भयावह है कि सड़क पर हर समय कचरे का अंबार नजर आता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह बेखबर बने हुए हैं। सफाई के नाम पर आधा-अधूरा काम कर नगरपालिका अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रही है। न तो सफाई का कोई स्थायी प्लान है और न ही निगरानी की कोई व्यवस्था—जिसका खामियाजा सीधे आम जनता भुगत रही है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि सफाई का काम ऐसे समय किया जा रहा है, जब यातायात अपने चरम पर होता है। सुबह 10 से 11 बजे के बीच स्कूल बसों का आवागमन और रुञ्रह ऑफिस में आने वाली भीड़ एक साथ बढ़ जाती है। इसी दौरान सड़क पर कचरा उठाने का काम शुरू कर दिया जाता है, जिससे पूरा रास्ता जाम में तब्दील हो जाता है। स्कूली बच्चे, अभिभावक और आम नागरिक घंटों जाम में फंसे रहते हैं, लेकिन न तो यातायात प्रबंधन की कोई व्यवस्था होती है और न ही प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नजर आता है।

### उड़ती गंदगी से स्वास्थ्य पर खतरा

कचरा उठाने के दौरान उड़ती धूल और सड़ांध भरी बदबू आसपास के वातावरण को दूषित कर रही है। इससे स्थानीय लोगों और राहगीरों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। बावजूद इसके नगरपालिका प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। क्षेत्रवासियों में इस लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। प्रशासन की उदासीनता से लोगों का भरोसा पूरी तरह उठता जा रहा है। यदि समय रहते नगरपालिका ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया, तो यह अव्यवस्था किसी बड़े हादसे या गंभीर जनस्वास्थ्य संकट का कारण बन सकती है। जरूरत है दिखावे की सफाई छोड़कर जमीनी स्तर पर ठोस और जवाबदेह कार्रवाई की।

## लाइट पोल का विरोध, बढ़ सकती हैं ट्रैफिक जाम की समस्या



जयपुर टाइम्स


**बिजौलियां(निस)।** नगरपालिका की ओर से लाइट का पोल लगाने के लिए तेजाजी के चौक में सड़क के बीच खोदे गए गड्ढे को कांग्रेस नेता विक्रम सोनी ने अनुचित बताते हुए विरोध जताया हैं।सोनी ने कहा कि सड़क के बीच पोल लगाने का कोई औचित्य नहीं हैं।यहां पर विद्युत पोल लगने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो कर जाम लगने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ेगी। वहीं इस पोल से दोनों ओर बसों के गुजरने में भी परेशानी होगी।विदित हैं कि तेजाजी चौक में सड़क किनारे अतिक्रमण के चलते दिन में कई बार जाम लगता हैं।ये पोल लगने से ट्रैफिक जाम की समस्या और बढ़ने की सम्भावना हैं।

## पेयजल सप्लाई की मात्रा बढ़ाए जाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री शक्ति नारायण शर्मा ने उपखंड अधिकारी को पत्र लिख कर बिजौलियां कस्बे में चंबल परियोजना से की जा रही जल आपूर्ति में पानी की मात्रा बढ़ाए जाने की मांग की हैं। पत्र में बताया कि बिजौलियां में चंबल परियोजना से प्रतिदिन 22 लाख लीटर व मंडोल बांध से 8 लाख लीटर कुल 30 लाख लीटर पानी की आपूर्ति की जा रही हैं जो कि पर्याप्त नहीं हैं। लोगों को आए दिन पानी के टैंकर डलवाने पड़ रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही पानी की जरूरत भी बढ़ेगी। कस्बे की कई कॉलोनियों में वर्तमान में भी पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो पा रही हैं। शर्मा ने बताया कि चंबल परियोजना से जो प्रतिदिन 22 लाख लीटर पानी प्राप्त हो रहा हैं इसमें भी कटौती किए जाने की संभावना हैं। अगर यह कटौती होती है तो बिजौलियां में पेयजल की समस्या हो सकती हैं।

## सुमेरपुर में कानून बेबस, बजरी माफिया बेखौफः थाने के सामने से दिनदहाड़े गुजरते ट्रैक्टर



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)** शहर में अवैध बजरी का कारोबार अब इस कदर बेलगाम हो चुका है कि कानून व्यवस्था पूरी तरह बौनी नजर आने लगी है। यहां रात को नहीं दिन में भी बजरी से भरे ट्रैक्टर सड़कों पर बेखौफ होकर दौड़ रहे हैं। सोमवार दोपहर करीब 1 बजे एक बजरी से लदा ट्रैक्टर जवाई बांध रोड मंडी क्षेत्र से निकलते हुए डिप्टी ऑफिस और सदर थाने के ठीक सामने से गुजर गया, लेकिन उसे रोकने वाला कोई नहीं था। यह नजारा साफ दर्शाता है कि सुमेरपुर में अब अवैध खनन करने वालों के हौसले किस कदर बुलंद हैं। दिनदहाड़े मुख्य सड़कों पर दौड़ते ये ओवरलोडेड ट्रैक्टर न सिर्फ नियमों को खुली चुनौती दे रहे हैं,बल्कि आमजन की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब थाने के सामने से ही अवैध बजरी के वाहन बेखौफ गुजर रहे हैं, तो आखिर जिम्मेदारों की नजरें कहां हैं? स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पूरा खेल पुलिस की नाक के नीचे चल रहा है, फिर भी कार्रवाई का अभाव संदेह को जन्म देता है। क्या यह लापरवाही है या फिर मौन सहमति—यह सवाल अब खुलकर उठने लगा है। अवैध बजरी परिवहन से जहां सरकार को लाखों के राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं शहर में हादसों का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। तेज रफ्तार और भारी भरकम ट्रैक्टर किसी भी वक्त बड़े हादसे को न्योता दे सकते हैं। शहरवासियों में बढ़ते आक्रोश के बीच अब प्रशासन की भूमिका पर उंगलियां उठने लगी हैं। लोग पूछ रहे हैं कि आखिर कब तक इस खुलेआम चल रहे अवैध कारोबार पर पर्दा डाला जाएगा? अब नजरें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं—क्या जिम्मेदार जागेंगे या सुमेरपुर में यूं ही कानून को ठेंगा दिखाता रहेगा बजरी माफिया?

## प्रजापति समाज के कार्यक्रम में पवन कुमार प्रजापति का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** प्रजापति श्रेया दे संस्थान मुंबई के तत्वाधान में ग्राम थोई अजीतगढ़ में निजी गार्डन में प्रजापति समाज का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें चौमूं विधानसभा के आम आदमी पार्टी पूर्व विधायक प्रत्याशी व राजस्थान के सह प्रभारी (मानवाधिकार आयोग) पवन कुमार प्रजापति का समाज बंधुओं ने भव्य सम्मान किया। इस अवसर पर राजस्थान के कोने-कोने से समाज बंधु उपस्थित रहे और समाज में व्याप्त कुरीतियां को सुधारने पर जोर दिया गया। जिनको समाज के लोगों ने स्वीकार करते हुए समाज सुधार का आश्वासन दिया व शिक्षा में आगे बढ़ने तथा राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए युवाओं को ज्यादा से ज्यादा राजनीति में लाने का प्रयास करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

## सुमेरपुर में पालिका प्रशासन मौन, सिस्टम फेल': वार्ड 07 में सड़ांध, सड़कों पर बहता गंदा पानी

### बीमारियों का खतरा, शिकायतों के बावजूद नहीं कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** शहर के सबसे व्यस्त और प्रमुख क्षेत्र–पुराना पाली बस स्टैंड के सामने वार्ड नंबर 07 में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। श्री राम मंदिर के आसपास का इलाका इन दिनों गंदगी, बदबू और गंदे पानी से जूझ रहा है। हालात ऐसे हैं कि नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है और लोग इसी गंदगी के बीच रोजाना आवागमन करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार नालियां लंबे समय से साफ नहीं हुई हैं। कीचड़ और कचरे से जाम नालियों के कारण गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह स्थिति अब रोजमर्रा की बन चुकी है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा।

### शिकायतें, लेकिन समाधान नहीं

क्षेत्रवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार पालिका को लिखित और मौखिक शिकायतें दीं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

गंदगी और पानी भराव के कारण क्षेत्र में मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। क्षेत्र में घुमंतू पशु भी कचरे के ढेर में घूमते नजर आते हैं, जिससे गंदगी और बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि सफाई और पशु नियंत्रण–दोनों ही व्यवस्थाएं पूरी तरह से फेल हो चुकी हैं। हैरानी की बात यह है कि यह क्षेत्र शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित है, जहां से जनप्रतिनिधि और अधिकारी नियमित रूप से गुजरते हैं। इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं होना कई सवाल खड़े करता है।

क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## जनसुनवाई में शिकायतों का अंबार, आवाज उठाने पर भी दबाव



### शिविर में खुली पोल, सफाई, पानी, रोशनी सब फेल

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** 'मुख्यमंत्री विकसित शहरी वार्ड अभियान' के तहत वार्ड संख्या 7 में आयोजित जनसमस्या समाधान शिविर में नगर पालिका की लचर व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। शिविर शिकायतों के अंबार में तब्दील हो गया, जहां वार्डवासियों ने खुलकर अपनी पीड़ा रखी, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि कई लोगों को अपनी बात रखने से रोकने और चुप रहने की सलाह तक दी गई। नगर पालिका अध्यक्ष नरपत सिंह राजपुरोहित, स्वास्थ्य निरीक्षक यशवंत परिहार, भाजपा जिला महामंत्री पूनम सिंह परमार, योग शिक्षक ललित मेघवाल, वार्ड पार्षद सतरा राम सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, लेकिन जनता के तीखे सवालों के बीच व्यवस्था की हकीकत साफ नजर आई। सबसे ज्यादा आक्रोश सफाई व्यवस्था को लेकर देखने को मिला। लोगों ने साफ कहा कि कचरा संग्रहण की गाड़ी नियमित नहीं आती, नालियां जाम पड़ी हैं और गंदगी से हालात बदतर हो चुके हैं। गोशाला के सामने कचरे के ढेर और आसपास घूमते आवारा पशु स्थिति को और भयावह बना रहे हैं। पुराना पाली बस स्टैंड क्षेत्र में नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बाबा रामदेवजी गली में लंबे समय से बंद पड़ी रोड लाइटें प्रशासन की उदासीनता को उजागर कर रही हैं। महिलाओं ने बीपीएल सूची में नाम जोड़ने और नियमित गेहूं वितरण की मांग उठाई। बढ़ती गर्मी के बीच पानी की किल्लत ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। वार्ड में टैंकर की व्यवस्था नहीं होने पर लोगों ने नाराजगी जताई और पाइपलाइन सुधार के साथ अतिरिक्त पानी की टंकी लगाने की मांग की। इसके अलावा अतिक्रमण, गलियों में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को दौड़ाने जैसी घटनाओं ने सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। वार्डवासियों ने बाबा रामदेवजी मंदिर क्षेत्र में हैंडपंप खुदवाने और ऊंचाई पर पानी की टंकी स्थापित करने की मांग भी प्रमुखता से रखी। पालिका प्रशासन ने सभी शिकायतों को दर्ज कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन शिविर में उठी आवाजों को दबाने की कोशिश ने पूरे आयोजन की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि समस्याओं का समाधान होता है या फिर यह शिविर भी सिर्फ औपचारिकता बनकर रह जाएगा।

## दिन में जलती लाइटें, रात में अंधेरा!

### शिवगंज पालिका की लापरवाही से बिजली की बर्बादी

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/शिवगंज(निस)।** शिवगंज नगर पालिका की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शहर में 'दिन में रोशनी' की अजीबोगरीब व्यवस्था ने प्रशासन की पोल खोलकर रख दी है। हालात यह हैं कि सड़कों पर लगी रोड लाइटें और हाईमास्ट लाइटें रोजाना शाम करीब 5 बजे ही चालू कर दी जाती हैं, जबकि उस समय पर्याप्त उजाला रहता है। इससे बिजली की खुली बर्बादी हो रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पालिका प्रशासन को शायद दिन में भी अंधेरा नजर आता है, तभी तो उजाले में ही लाइटें जला दी जाती हैं। वहीं, दूसरी ओर रात के समय कई इलाकों में लाइटें बंद रहने की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं, जिससे आमजन को अंधेरे में आवागमन करना पड़ता है। यह दोहरी व्यवस्था सीधे तौर पर सिस्टम की लापरवाही और निगरानी के अभाव को उजागर करती है।

### सरकार के निर्देशों की धज्जियां उड़ा रहा पालिकाः

शहरवासियों का कहना है कि एक तरफ सरकार बिजली बचत और ऊर्जा संरक्षण के लिए अभियान चला रही है, वहीं शिवगंज पालिका प्रशासन खुलेआम इन निर्देशों की धज्जियां उड़ा रहा है। दिन में जलती लाइटें न केवल संसाधनों की बर्बादी हैं, बल्कि पालिका के आर्थिक बोझ को भी बढ़ा रही हैं। इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई या सुधार नजर नहीं आ रहा। स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि लोगों में भारी नाराजगी है। आमजन सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कब तक यह 'रोशनी का खेल' चलता रहेगा? कब जिम्मेदार अधिकारी जागेंगे और इस अव्यवस्था पर लगाम लगाएंगे? हाल ही में प्रदेश में बिजली बचत को लेकर सख्ती और शटडाउन जैसे कदम उठाए गए थे, लेकिन शिवगंज में इन प्रयासों का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा। यहां तो प्रशासन खुद ही बिजली बर्बादी का सबसे बड़ा उदाहरण बन गया है। शहरवासियों ने पालिका प्रशासन से तत्काल मॉनिटरिंग सिस्टम दुरुस्त करने, दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई करने और बिजली की अनावश्यक बर्बादी रोकने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

## धर्मगुरु प्रेरणा संकीर्तन मंडल का वार्षिकोत्सव आयोजित

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** गुरु प्रेरणा संकीर्तन मंडल का 25वाँ वार्षिकोत्सव धूमधाम से निजी गार्डन में मनाया गया। इसमें मुख्य तौर पर पिछले 25 वर्षों से निरंतर प्रत्येक रविवार को संकीर्तन किया जाता है। चौमूं ही नहीं चौमूं के बाहर भी कई धार्मिक स्थलों पर मंडल की टीम ने पहुंचकर बड़े धूमधाम से संकीर्तन किया है। शनिवार को त्रिवेणी धाम के पूज्य महाराज ने पधारकर संकीर्तन में भक्तों को आशीर्वचन दिया तथा रविवार को अखंड रामायण पाठ 251 आसनों पर संपूर्ण हुआ। इसके समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में खेड़ापति आश्रम के संत विजय रामदास पधारे, जो की संत प्रेमदास महाराज के उत्तराधिकारी हैं, उन्होंने समस्त भक्तों को सनातन का मार्ग अपने को कहते हुए अपने प्रवचन में धार्मिक आस्था से स्वयं एवं अपने बच्चों को जोड़ने पर जोर दिया। रामायण संपूर्ण होने के बाद सभी भक्तों के लिए 2 घंटे रविवार का संकीर्तन किया गया। संकीर्तन पूर्ण होने पर सभी भक्तजनों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। संकीर्तन में महिलाओं ने उत्साहित होकर भाग लिया। सभी भक्तजन नृत्य से झूम उठे। मंडल के व्यवस्थापक राधेश्याम जांगिड़, ओम प्रकाश माधाणी, रामावतार स्वामी, राजकुमार मानावत, संदीप जैन, नरेश सिंह, पवन खटोड़ आदि उपस्थित रहे।

## न्यू शाईन इंटरनेशनल स्कूल का एक बार फिर दबदबा कायम

**चौमूं(निस)।** चौमूं शहर के रींगस रोड, इंदोरा कॉलोनी स्थित न्यू शाईन इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर बोर्ड परीक्षा में क्षेत्र में परचम लहराकर इतिहास दोहरा दिया है। स्कूल सचिव राहुल सैनी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी स्कूल के स्टूडेंट्स ने परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल में 10वीं क्लास की स्टूडेंट तनु सैनी ने 98.77, प्रतिभा चौधरी ने 97. 67 और शुभम ताखर ने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।


## कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव), चिडियाघर, जयपुर

कमांक : एफ () स्टोर / जू / 2024-25 / दिनांक :-

### ई - निविदा (दर संविदा) आमंत्रण सूचना

इस कार्यालय के अधीन क्षेत्रीय वन अधिकारी चिड़ियाघर, जयपुर, नाहरगढ जैविक उद्यान जयपुर, एवं जयपुर रेस्क्यू सेन्टर नाहरगढ जैविक उद्यान, जयपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निम्नांकित खाद्य सामग्री की आवश्यकता है। अतः माल एवं सेवा कर (Goods & Service Tax) में पंजीकृत फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई - निविदा (दर संविदा) आमंत्रण सूचनाऐं आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.स. | नाम वस्तु | अनुमानित लागत (रू. लाखों में कर सहित | बोली प्रतिभूति राशि | बोली शुल्क | आर आई एस एल प्रोसेसिंग फीस | ऑनलाईन टेण्डर डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि व समय | ऑनलाईन टेण्डर डाउनलोड अंतिम की तिथि व समय | तकनीकी बोली खोलने की तिथि व समय | UBN No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा (दर संविदा) आमंत्रण सूचना 71 2025-26 साफ-सफाई कार्य (माहरगढ़ जैविक उद्यान / रेस्क्यू सेंटर / लॉयन सफारी / टाईगर सफारी) | 240000/- | 48000/- | 1000/- | 500/- | 23.03.2026 01.00 PM | 08.04.2026 02.00 PM | 08.04.2026 4.00PM | FOR2526SLOB 06322 |
| 2 | ई-निविदा (दर संविदा) आमंत्रण सूचना 72/2025-26 साफ-सफाई कार्य जयपुर चिड़ियाघर एवं अशोक विहार पक्षीकक्ष) | 960000/- | 19200/- | 1000/- | 500/- | 23.03.2026 01.00 PM | 08.04.2026 02.00 PM | 08.04.2026 4.00PM | FOR2526SLOB 06323 |
| 3 | ई-निविदा (दर संविदा) आमंत्रण सूचना 73/2025-26 साफ-सफाई कार्य (हाथीगाँव) | 1800000/- | 36000/- | 1000/- | 500/- | 23.03.2026 01.00 PM | 08.04.2026 02.00 PM | 08.04.2026 4.00PM | FOR2526SLOB 06324 |

निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

उप वन संरक्षक (वन्य जीव)
चिडियाघर, जयपुर

DIPR/C/6058/2026

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
31 मार्च, 2026

## स्वामी कमलेश्वर भारती का अभूतपूर्व अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजलांचल की हृदय स्थली सिद्ध पीठ पाबोलाव धाम के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के महामंत्री श्रीमहंत स्वामी कमलेश्वर भारती महाराज की ओर से 121 दिन की मां नर्मदा परिक्रमा पूरी करके वापस पाबोलाव आने अभिनंदन किया गया। किशोर दास स्वामी ने बताया कि स्वामी कमलेश्वर भारती ने 27 नवंबर 2025 को मां नर्मदा नदी की पैदल परिक्रमा यात्रा शुरू की, जो लगातार 121 दिनों तक 28 मार्च 2026 तक चली । लगभग 4 महीने की कठिन पैदल यात्रा में महाराज ने 3750 किलोमीटर दूरी की परिक्रमा निर्बाध रूप से संपन्न की। सुजलांचल के धर्म प्रेमियों को धर्म, आस्था, संस्कृति व संस्कारों से जोड़ने वाली सिद्ध पीठ पाबोलाव धाम के पीठाधीश्वर श्री महंत भारती की ओर से धर्म क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य करने पर जगह-जगह स्वागत, अभिनंदन, सत्कार किया गया। जसवंतगढ़ में कसूम्बी पुलिया से डीजे के साथ जसवंतगढ़ नगर में अभिनंदन करते हुए सिद्ध पीठ पाबोलाव धाम तक महाराज श्री के सम्मान में स्वागत रैली निकाली गई।

## ग्राम विकास अधिकारियों के आंदोलन को मिला समर्थन, काली पट्टी बांधकर करेंगे विरोध

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** राजस्थान में ग्राम विकास अधिकारियों के प्रस्तावित आंदोलन को अब अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारियों का भी समर्थन मिल गया है। चूरू जिला अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ ने इस आंदोलन को नैतिक समर्थन देने की घोषणा की है। बीदासर पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी एवं जिलाध्यक्ष हंसराज मीणा ने बताया कि 29 मार्च को जयपुर में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ द्वारा रखी गई मांगों को उचित बताते हुए उनका समर्थन करने पर सहमति बनी। संघ ने स्पष्ट किया कि वह हमेशा कर्मचारियों के हितों और उनके संघर्ष के साथ खड़ा रहा है। संगठनात्मक सिद्धांतों के तहत ग्राम विकास अधिकारियों के आंदोलन को नैतिक समर्थन दिया जाएगा। आंदोलन अवधि के दौरान अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास अधिकारियों से संबंधित कार्यों का निर्वहन नहीं करेंगे। इसके अलावा विरोध स्वरूप सदस्य हाथ पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करेंगे। संघ ने यह भी निर्णय लिया है कि मुख्यमंत्री कार्यालय के घेराव के दिन सदस्य एक दिन का आकस्मिक अवकाश लेकर आंदोलन में भाग लेंगे।

## चूरू में चोरों का भगवान के घर डाका, शनिदेव मंदिर का ताला तोड़कर बालाजी की मूर्ति व चांदी के छत्र चोरी

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शहर में चोरी की घटनाओं ने अब धार्मिक स्थलों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। रीको एरिया की एक नंबर रोड स्थित सूर्य पुत्र शनिदेव मंदिर में चोरों ने देर रात धावा बोलते हुए ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार दो नकाबपोश चोर रात के समय मंदिर पहुंचे। एक चोर मंदिर के अंदर घुस गया, जबकि दूसरा बाहर निगरानी करता रहा। चोर ने बालाजी महाराज के मंदिर का ताला तोड़कर चांदी के 3 छत्र, 2 चांदी की कटोरियां और बालाजी की सिंदूर से बनी मूर्ति चोरी कर ली। पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। मंदिर के पुजारी महेंद्र ने बताया कि चोर अपने साथ एक स्कूल बैग लेकर आए थे, जिसमें चोरी का सामान भरकर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुजारी ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध करवा दी है। गौरतलब है कि इसी मंदिर में पूर्व में भी दो बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरी हुआ सामान बरामद कर लिया था। एक बार फिर हुई इस घटना से क्षेत्रवासियों में आक्रोश है और मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।



## राजाखेड़ा की बहू जूली सिंह ने रचा इतिहास, यूपीएससी में 24वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया मान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा उपखण्ड के ग्राम आम का पुरा निवासी एडवोकेट अमर सिंह कपासिया की पुत्रवधू जूली सिंह ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा में 24वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र, समाज और परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। जूली सिंह की सफलता ने यह साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनकी उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर सामने आई है। इस अवसर पर एडवोकेट अमर सिंह कपासिया ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि जूली सिंह ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है, जो पूरे परिवार और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि जूली भविष्य में भी उत्कृष्ट कार्य करते हुए देश और समाज की सेवा करेंगी। जूली सिंह की सफलता पर परिजनों एवं समाज के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का दो दिवसीय वर्ग का समापन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत सुजानगढ़ शहर मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग स्थानीय फतेहपुरिया गेस्ट हाऊस में आयोजित हुआ। जिसमें मण्डल कार्यकारिणी, मण्डल मोर्चा के अध्यक्ष व महामंत्री, मण्डल निवासी जिला व प्रदेश के कार्यकर्ता, समान स्तरीय मण्डल के जनप्रतिनिधि, शक्ति केन्द्र संयोजक व बूथ अध्यक्षों ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण लिया। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम की अध्यक्षता सुजानगढ़ मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने की। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र सत्र में मंचस्थ अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता, श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रशिक्षण महाअभियान वर्ग में 105 दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने नियत समय पर उपस्थित होकर पंजीकरण करवाया। कार्यक्रम शुभारम्भ सामूहिक राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के पूर्ण गायन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मंचस्थ मुख्य वक्ता के रूप में क्रमशः प्रथम सत्र में भाजपा का इतिहास विषय पर पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने, द्वितीय सत्र में वैचारिक अधिष्ठान विषय पर वरिष्ठ नेता बुद्धिप्रकाश सोनी ने, तृतीय सत्र में कार्यपद्धति विषय पर जिला मंत्री पवन माहेश्वरी ने, चतुर्थ सत्र में कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर जिला प्रवक्ता मनीष दाधीच ने, पंचम सत्र में केंद्रीय व राज्य सरकार की उपलब्धियां व क्रियान्वयन विषय पर वरिष्ठ नेता तनसुख प्रजापत ने, षष्ठम सत्र में मीडिया सोशल मीडिया एआई के साथ सरल एप विषय पर वरिष्ठ नेता वैद्य भंवरलाल शर्मा ने और सप्तम सत्र में बूथ प्रबंधन मन की बात टिफिन बैठक आगामी कार्यक्रम व बूथ स्तरीय कार्यक्रम विषय पर भाजपा नेता संतोष मेघवाल ने व प्रशिक्षण महाभियान शिविर के संबंध में प्रवास प्रभारी महावीर सैन और एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप ने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण महाभियान में प्रशिक्षणार्थियों को संगठन की विचारधारा, इतिहास, कार्यपद्धति, बूथ प्रबंधन एवं आधुनिक तकनीकों के उपयोग के साथ संगठन में कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने क्विज प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रशिक्षण पूर्णता का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। कार्यक्रम में वर्ग गीतों का सामूहिक गायन गणेश मण्डावरिया और विजय चौहान ने करवाया। राष्ट्रीय गीत का गायन गौतम बागड़ा ने करवाया। प्रशिक्षण के दौरान मंडल महामंत्री प्रकाश भार्गव, मंडल उपाध्यक्ष शारदा मंडावरिया, अमरचंद सेन, गोपाल पारीक, सुमन सांभरिया, मंडल मंत्री यशोदा प्रजापत, प्रियांशु लड़ा, मुरारी खंडेलवाल, राजेश सेन, मंडल कोषाध्यक्ष प्रकाश सोनी, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, महिला मोर्चा अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सोनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मौसून, किसान मोर्चा अध्यक्ष महावीर सांखला, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष साकिर खान बेसवा, निवर्तमान पार्षद शर्मिला सोनी, पंकज घासोलिया, रेवंतमल पंवार, दीनदयाल पारीक, पुरुषोत्तम शर्मा, गणेश मण्डावरिया और विजय चौहान, प्रेम स्वामी, रवींद्र पांडे, गौतम बागड़ा, कोमल गौड़, रामरतन बोचीवाल, श्रीराम बिहानी, मनीष कुमार, राहुल प्रजापत, प्रकाश खंडेलवाल, श्रवण सिंह राठौड़, रौनक जैन,विनोद सोनी, एड विमल दाधीच, कैलाशचंद्र सराफ, सीताराम माली सत्यनारायण चांडक,चंचल जैन, जगदीश नाथ, एड सलीम खान, विपिन प्रजापत, अनिल प्रजापत, अशोक प्रजापत, दिलीप चौधरी, विश्वदीपक काछवाल, नरेंद्र प्रजापत, बाबूलाल यादव, विनोद प्रजापत सहित अनेक कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित रहे। शहर मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने आभार व्यक्त किया। संचालन मंडल महामंत्री गौरव इंदौरिया ने किया।



स्वर्णकार युवा मंडल के चुनाव संपन्न

## शेखर ढल्ला ने 139 मतों से राहुल मौसूण को हराया, अध्यक्ष बने

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के श्री मेढ़ क्षत्रीय स्वर्णकार युवा मंडल के चुनाव मतदान प्रक्रिया से सम्पन्न हुए। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में समाज के दो प्रमुख प्रत्याशी शेखर ढल्ला और राहुल मौसुण के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिला। मतदान प्रक्रिया सुबह 8 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक स्वर्णकार माताजी के मंदिर परिसर में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। वहीं चुनाव अधिकारी के रूप में अभयशील डांवर, रूपचंद माड़ण, मनोज कुमार भामा और विकास सीगड़ नियुक्त किए गए थे। समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए लोकतंत्र के पर्व में सक्रिय सहभागिता निभाई। चुनाव में कुल 457 वोट पड़े। जिनमें शेखर ढल्ला को 298 वोट प्राप्त हुए। राहुल मौसुण को 159 वोट प्राप्त हुए। शेखर ढल्ला ने 139 वोटों के अंतर से अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज कर युवा मंडल में अपना नेतृत्व स्थापित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने समाज के विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रतनलाल डांवर अध्यक्ष, बनवारीलाल भामा मंत्री, हनुमानमल रोड़ा, चंपालाल झींगा, राजकुमार जांगलवा, राजकरण ढल्ला, सांवरमल रोड़ा, धर्मचंद जोड़ा उपाध्यक्ष, मनोज कुमार भामा उपमंत्री, कन्हैयालाल ढल्ला मीडिया प्रभारी, सुनील जांगलवा, देव भामा, हनुमान मौसुण, सांवरमल मौसुण सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।



## अमरसर स्कूल के नतीजों पर बवाल, ग्रामीणों ने किया ताला जड़कर प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के अमरसर गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम सामने आने के बाद शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विद्यालय में 14 में से 12 विद्यार्थियों के ग्रेस अंकों के सहारे पास होने से पूरे गांव में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति एक दिन में नहीं बनी, बल्कि लंबे समय से चली आ रही लापरवाही का परिणाम है। ग्रामीणों ने बताया कि केवल 10वीं ही नहीं, बल्कि 8वीं और 5वीं बोर्ड के परिणाम भी बेहद कमजोर रहे हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता और बढ़ गई है। परिणामों से नाराज ग्रामीणों ने विद्यालय के बाहर तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया और शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय में गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे मुख्य विषयों के शिक्षकों की कमी है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही शिक्षकों के समय पर विद्यालय नहीं आने और समय से पहले जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि विद्यार्थियों को नियमित रूप से न तो होमवर्क दिया जाता है और न ही कॉपियों की जांच होती है। विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठकों में भी अभिभावकों की भागीदारी नहीं हो रही है। वहीं स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे लंबे समय से बंद पड़े हैं और अनुपस्थित विद्यार्थियों के घर जाकर संपर्क करने की व्यवस्था भी नहीं की जा रही है। कुछ अभिभावकों ने यह भी आरोप लगाया कि पढ़ाई के समय शिक्षक और छात्र सोशल मीडिया पर रील बनाने में व्यस्त रहते हैं, जिससे विद्यालय का अनुशासन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि विद्यालय में मुख्य विषयों के शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति की जाए, लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा नियमित पढ़ाई और अनुशासन सुनिश्चित किया जाए। एक ओर सरकार सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी ओर इस तरह के परिणाम शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत को उजागर कर रहे हैं। अब देखना होगा कि विभाग इस मामले में क्या कदम उठाता है।

## वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ विद्यार्थियों का किया सम्मान




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के आदर्श महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव और राजस्थान दिवस का संगम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और श्याम भजनों के साथ भक्तिमय माहौल में हुई। विद्यार्थियों ने राजस्थानी, हरियाणवी और पंजाबी लोक संस्कृतियों की इंद्रधनुषी छटा बिखेरी विशेष रूप से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर आधारित नाटक की मार्मिक प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भाव विभोर कर दिया और सामाजिक जागरूकता का कड़ा संदेश दिया। मुख्य अतिथि राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेश चाहर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के व्यावहारिक गुर सिखाएं। उन्होंने अपनी मातृभाषा के महत्व पर जोर देते हुए राजस्थानी भाषा के प्रचार प्रसार और इसे दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों का संबोधन रहा उन्होंने अनुशासन और लक्ष्य के प्रति एकाग्रता पर जोर देते हुए वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित किया। पूर्व विद्यार्थियों को निदेशक की ओर से प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आदर्श सितारे डॉ मीनाक्षी, योगेंद्र स्वामी, व्याख्याता सपना वर्मा ने भी अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम में सुभाषचंद्र सोनी, राधेश्याम शर्मा, डॉ पीके पांडिया उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मनीषा वर्मा ने वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्थान की शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। संस्थान के निदेशक गिरीश लाटा ने सभी विद्यार्थियों को वर्ष भर आयोजित खेलकूद , साहित्यक और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरुस्कृत कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य संयोजक मुकेश सुथार एवं लोकेश सैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर भाटिया का किया अभिनंदन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खासोली में सोमवार को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रधानाचार्य गीता भाटिया का अभिनंदन किया गया। उल्लेखनीय है कि शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने में भाटिया का सेवाकाल बहुत ही प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व, अनुशासन प्रियता व संवेदनशील दृष्टिकोण से विद्यालय को नई दिशा प्रदान की। इस दौरान भाटिया ने कक्षा 10 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके पति विनोद कालरा व उनके पुत्र डॉ. तुषार कालरा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर रणवीर सिंह धींधवाल, शिवकुमार शर्मा, अशोक शर्मा, ताराचंद, सरोज सैनी, कन्हैयालाल सैनी, आमीन खान, दिलीप कुमार व विनय कुमार ने गीता भाटिया के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में रणजीत कुमार ने शानदार गीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर उप प्राचार्य अंजुला जोशी, धर्मेंद्र कुमार, विकास पूनिया, भंवरलाल, हेमंत शर्मा, हिम्मत सिंह तंवर, अनिल कुमार, मोतीराम, द्वारका प्रसाद, विक्रम, संजय, शराफत, सुधा शर्मा, सुमन, मुकलेश, नसरीन बानो, सुमित्रा, मंजू कुमारी व शारदा सहित स्टाफ सदस्यों ने भाटिया का प्रशस्ति-पत्र, प्रतीक चिन्ह् व शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर अपने अभिनंदन से अभिभूत गीता भाटिया ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।



## फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए सुनिश्चितः एडीएम

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि विद्युत के अवैध कनेक्शनों के विरूद्ध कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। वहीं पीएचईडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखें तथा समय-समय पर पानी के नमूने लेकर गुणवत्ता जांच कराना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जलभराव वाले क्षेत्रों में फॉगिंग गतिविधियां सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं प्रतिदिन जनसुनवाई में प्राप्त लंबित परिवादों की विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। साथ ही न्यूज पेपर कटिंग्स पर भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इन प्रकरणों को अत्यंत संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता से लेते हुए त्वरित एवं तर्कसंगत समाधान किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में पंच गौरव कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसके माध्यम से स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित कर जिले की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि फसलों की प्रोसेसिंग यूनिट से जुड़ने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए तथा उन्हें पर्यटन स्थलों के साथ जोड़कर रोजगार के नए अवसर सृजित करें। उन्होंने पंच गौरव कार्यक्रम के प्रभावी विस्तार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। बैठक में सहायक निदेशक लोक सेवाएं बंशीधर योगी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबली राम जाट सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।